रांची,रविवार, 24 मई 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ शुक्ल 8 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 249 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

4 ▶▶ कब है गंगा दशहरा

नीतू कपूर के कमबैक से खुद को जोड़ पाती हूं, महिलाओं को मिलनी चाहिए ऐसी हिम्मत : रुबीना दिलैक ◀◀ 6



# दवा खाते ही बिगड़ी युवक की तबीयत, मौत के बाद फूटा लोगों का गुस्सा



संवाददाता

**पलामू:** जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बुद्धि बीघा गांव में झोलाछाप चिकित्सक की कथित लापरवाही के कारण गलत दवा खाने से स्वर्गीय शिव ठाकुर के 19 वर्षीय पुत्र बिक्की कुमार ठाकुर की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हैदरनगर मुख्य बाजार पथ को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोग आरोपी चिकित्सक को तत्काल गिरफ्तारी और क्षेत्र में बिना निबंधन के अवैध रूप से चल रहे हॉस्पिटल को बंद कर सील करने की मांग कर रहे थे।

**दवा खाते ही बिगड़ी हालत :** परिजनों ने बताया कि बिक्की कुमार की तबीयत बिगड़ने पर उसे शनिवार दोपहर मस्जिद मोहल्ला स्थित कथित चिकित्सक वाजिद अली के क्लिनिक में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद डॉक्टर के कहने पर परिजन बिक्की को घर ले आए। मृतक की मां ने बताया कि डॉक्टर द्वारा दी गई दवा जैसे ही उन्होंने बेटे को खिलाया, उसके कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ :** इस घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। हाल ही में बिक्की के चाचा का निधन हुआ था, जिनका श्राद्ध कर्म बीते शुक्रवार को ही पूरा हुआ था। इस दुख से परिवार अभी उबरा भी नहीं था कि अगले ही दिन इकलौते नौजवान बेटे की मौत के बाद दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**क्लिनिक किया गया सील :** घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्वप्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार और थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान मनऊंर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद क्लिनिक को सील कर दिया गया। वहीं अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया और निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। हालांकि स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है और पुलिस को शव को कब्जे में लेने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। भुक्तभोगी ने क्लीनिक संचालक डा वाजिद अली व सहयोगी तारीख अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। आरोपी डॉक्टर और उसके सहयोगी को गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी रही है।

## कमरे में बंद मिला छात्र का शव, इलाके में मची सनसनी

**हजारीबागः** शिक्षा हब के रूप में पहचाने जाने वाले हजारीबाग शहर के कोर्रा थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। शहर के कोर्रा चौक स्थित मुसन साव गली में संचालित कुमार बॉयज हॉस्टल के एक कमरे से स्नातक के एक छात्र का कथित रूप से फंदे से झूलता हुआ शव बरामद होने की खबर के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

मृतक छात्र की पहचान पंकज कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पड़ोसी जिले गिरिडीह का रहने वाला था और यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद से हॉस्टल सहित आसपास के अन्य लॉज में रहने वाले छात्रों और स्थानीय लोगों के बीच गहरा सन्नाटा और शोक का माहौल पसर गया है। फिलहाल छात्र द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है, जिसे लेकर पुलिस हर बिंदु पर गहराई से जांच कर रही है।





**हॉस्टल के दूसरे तल्ले पर अकेले रहता था पंकजः** जानकारी के अनुसार, गिरिडीह निवासी पंकज कुमार सिंह हजारीबाग में ग्रेजुएशन सेमेस्टर-1 का छात्र था। वह मुसन साव गली के कुमार बॉयज हॉस्टल के दूसरे तल्ले पर एक कमरा में अकेले किराए पर लेकर रह रहा था। हॉस्टल के अन्य सहपाठियों और आसपास के लोगों ने बताया कि पंकज पढ़ाई-लिखाई में बेहद तेज था। पढ़ाई के अलावा उसकी सबसे बड़ी खासियत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उसकी बेजोड़ और गहरी रुचि थी। वह अक्सर कंप्यूटर कोडिंग और डिजिटल तकनीकों पर काम करता रहता था।

**वन नियर एप्लीकेशन की होती थी सराहनाः** एक होनहार डेवलपर के रूप में पंकज की पहचान सोशल मीडिया और छात्र संगठनों के बीच भी थी। ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों से हजारीबाग आकर पढ़ाई करने वाले गरीब और नए छात्रों की रोजमर्रा की परेशानियों को पंकज ने बहुत करीब से महसूस किया था। छात्रों को शहर में आने के बाद रहने के लिए सही कमरा, लॉज या हॉस्टल खोजने में होने वाली भारी दिक्कतों और दलालों के चक्कर से बचाने के लिए पंकज ने अपनी तकनीकी सूझबूझ से वन नियर नाम से एक मोबाइल एप्लीकेशन (ऐप) तैयार किया था। इस डिजिटल ऐप के माध्यम से कोई भी नया छात्र घर बैठे ही अपने बजट के अनुसार रूम खोज सकता था। पंकज के इस अनूठे और जन-सरोकार से जुड़े इस प्रयास की हजारीबाग के नागरिकों, लॉज मालिकों और छात्र समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर सराहना भी की जाती थी।

इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय कोर्रा थाना पुलिस बिना किसी देरी के दलबल के साथ तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गिरिडीह में रह रहे पंकज के परिजनों को फोन पर इस अनहोनी की सूचना दी और उनसे बातचीत की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक हॉस्टल के उस कमरे का दरवाजा पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं खोला और न ही तोड़ा गया था। बताया जा रहा है कि कानूनी अड़चनों और दूर से आ रहे परिजनों की स्पष्ट अनुमति और उपस्थिति न मिलने के कारण पुलिस ने पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए दरवाजा तोड़ना उचित नहीं समझा। फिलहाल कोर्रा थाना की पुलिस परिजनों के हजारीबाग पहुंचने का बेसब्री से इंतजार कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की मौजूदगी में कमरा खोलने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जाएगा और कमरे की सघन तलाशी के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य सुराग मिलता है या नहीं।

# गोड्डा-पोड़ैयाहाट रेलखंड पर ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**गोड्डाः** गोड्डा-पोड़ैयाहाट रेलखंड पर नवडीहा गांव के पास शनिवार की देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है।

**पटरी पर बिखरे मिले शव के टुकड़े :** स्थानीय लोगों के अनुसार रात में तेज आवाज के साथ ट्रेन गुजरने के बाद पटरी के आसपास कुछ पड़ा देखा गया। सुबह जब ग्रामीण ट्रैक के पास पहुंचे तो दृश्य देखकर दहल गए। शव पूरी तरह से क्षत-विक्षत हालत में था और शरीर के अंग अलग-अलग बिखरे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति किसी मालगाड़ी या पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया। रात का समय होने के कारण किसी को घटना की जानकारी नहीं मिल पाई।

**सूचना पर पहुंची रेल पुलिस और स्थानीय थाना :** घटना की जानकारी मिलते ही रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पोड़ैयाहाट थाना पुलिस को भी सूचना दी गई। पोड़ैयाहाट पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक की





उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। शरीर पर कोई पहचान पत्र या मोबाइल नहीं मिला, जिससे शिनाख्त में परेशानी हो रही है।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव :** रेल पुलिस और पोड़ैयाहाट थाना पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव के टुकड़ों को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल प्रथम दृष्टया ट्रेन से कटकर मौत होना प्रतीत हो रहा है।

**हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस :** पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। यह हादसा है, आत्महत्या है या किसी साजिश के तहत शव को ट्रैक पर फेंका गया, पुलिस इसकी तहकीकात कर रही है। आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके। रेल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से नवडीहा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रेलखंड पर पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने रेलवे ट्रैक के किनारे सुरक्षा घेरा लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

### पाकिस्तान में रेलवे ट्रैक पर बम धमाका

## ट्रेन की बोगी के उड़े परखच्चे 23 लोगों की दर्दनाक मौत



**क्वेटा :** पाकिस्तान के क्वेटा शहर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शहर में एक जबरदस्त बम धमाका हुआ है, जिसने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस भीषण विस्फोट में बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि यह जोरदार धमाका क्वेटा में सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाने वाले फ्रंटियर कोर के हेडक्वार्टर के गेट के ठीक पास मौजूद रेलवे ट्रैक पर हुआ है। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद पूरे इलाके में भारी दहशत का माहौल है।

**ट्रेन की बोगी के उड़े परखच्चे, धू-धू कर जले वाहन :** यह बम धमाका इतना ज्यादा शक्तिशाली और विनाशकारी था कि इसके प्रभाव से वहां मौजूद ट्रेन की एक बोगी के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। विस्फोट के तुरंत बाद घटनास्थल और उसके आसपास के इलाके में भीषण आग लग गई, जिससे वहां भारी अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। धमाके की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेलवे ट्रैक के पास खड़े कई वाहनों ने भी अचानक आग पकड़ ली और देखते ही देखते वे राख के ढेर में तब्दील होने लगे।

**23 लोगों ने तोड़ा दम, 30 से ज्यादा अस्पताल में लड़ रहे जिंदगी की जंग:** एक शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार, इस दर्दनाक घटना में अब तक कम से कम 23 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि, स्थानीय प्रशासन की तरफ से अभी तक हताहतों का कोई आधिकारिक और अंतिम आंकड़ा जारी नहीं किया गया है, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गया है और सभी घायलों को आनन-फानन में क्वेटा के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां डॉक्टरों की विशेष टीम उनका इलाज कर रही है।

## ट्रंप का ऐलानः ईरान से शांति समझौता और होर्मुज खुलना लगभग तय, जल्द होगी आधिकारिक घोषणा

**नई दिल्ली/एजेंसीः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर समझौता काफी हद तक तय हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब केवल अंतिम शर्तों और तकनीकी बिंदुओं पर बातचीत चल रही है और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा की जा सकती है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह एक ह्लशांति से जुड़ा समझौता ज्ञापनह्व होगा, जिसे अमेरिका, ईरान और बातचीत में शामिल अन्य देशों के बीच



अंतिम रूप दिया जा रहा है। हालांकि उन्होंने समझौते के पूरे विवरण सार्वजनिक नहीं किए।

उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उन्होंने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र, जॉर्डन और बहरीन के नेताओं से बातचीत की। इसके अलावा इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी अलग से चर्चा हुई, जिसे ट्रंप ने बहुत अच्छी बातचीत बताया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ईरान पर नए सैन्य हमलों पर विचार कर रहा था। इससे पहले अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरानी ठिकानों पर हमले तथा उसके जवाब में क्षेत्रीय तनाव बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई थी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया के बड़े हिस्से का तेल इसी रास्ते से गुजरता है। तनाव बढ़ने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और कई देशों में महंगाई बढ़ गई। अमेरिका में भी मुद्रास्फीति कई वर्षों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि ट्रंप ने अपने बयान में ईरान के परमाणु कार्यक्रम या हाईली एनरिच्ड यूरेनियम का कोई जिक्र नहीं किया। दूसरी ओर ईरान और इजराइल की तरफ से भी तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रस्तावित समझौते के पहले चरण में एक ह्लमेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंगह्व यानी समझौता ज्ञापन शामिल हो सकता है।

## मार्को रुबियो के बयान पर बोला ईरान- वैश्विक ऊर्जा बाजार में संकट की असली वजह अमेरिका



**नई दिल्लीः** भारत में ईरान के दूतावास ने कहा कि रुबियो के बयानों का असली मकसद अमेरिका और इसराइल की अस्थिर नीतियों से ध्यान हटाना है। दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ईरान दुनिया के तेल और ऊर्जा के बड़े निर्यातकों में से एक है, जो भारत समेत दुनिया के सभी देशों को ऊर्जा संसाधन देने के लिए तैयार रहा है। लेकिन हाल के सालों में वैश्विक ऊर्जा बाजार की मुश्किल बढ़ाने की असली वजह अमेरिका है, जिसने ईरान के तेल निर्यात पर गैरकानूनी और नाइंसाफी वाले प्रतिबंध लगा रखे हैं। ये प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के नियमों के खिलाफ हैं और इनका मकसद ईरानी जनता पर आर्थिक दबाव डालना है। दूतावास ने आगे लिखा, तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों के अलावा अमेरिका ने दवाओं पर रोक लगाई। इसकी वजह से कई मासूम मरीजों की ज़िंदगी खतरे में पड़ी और लोगों को बड़ी तकलीफें झेलनी पड़ीं।

# शुभेंदु सरकार का बड़ा फैसला, बकरीद पर अब दो दिन नहीं बल्कि एक दिन की होगी छुट्टी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई भाजपा सरकार लगातार पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार के फैसलों को पलट रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) की छुट्टियों को लेकर एक बड़ा और अहम आदेश जारी किया है। पिछली ममता सरकार ने इस साल बकरीद पर 26 और 27 मई को दो दिन की छुट्टी घोषित की थी, लेकिन अब शुभेंदु सरकार ने इस फैसले में बड़ा बदलाव करते हुए इसे सिर्फ एक दिन तक सीमित कर दिया है।

**अब 28 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाशः** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी नए आधिकारिक नोटिफिकेशन के मुताबिक, राज्य में अब बकरीद के अवसर पर केवल 28 मई को ही सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसका सीधा मतलब यह है कि पूर्व में घोषित 26 और 27 मई की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इन दोनों दिनों में बंगाल के सभी सरकारी कार्यालय, संस्थान और अन्य जगहों पर नियमित रूप से काम-काज सुचारू रहेगा। छुट्टी में यह बदलाव राज्य सरकार के उस अभियान का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत वह पिछली सरकार के कई पुराने फैसलों पर कैंची चला रही है। इसी क्रम में आज साल्ट लेक स्टेडियम में ममता सरकार के कार्यकाल के दौरान बनाए गए एक स्टैच्यू को भी गिरा दिया गया, जिसकी पुष्टि खुद राज्य के खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने की है।

**पुरानी भर्ती घोटालों पर बरसे सीएम शुभेंदुः** छुट्टियों में बदलाव के साथ-साथ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पिछली तृणमूल कांग्रेस (ळटउ) सरकार के कार्यकाल में हुए भर्ती घोटालों को



लेकर भी तीखा हमला बोला है। शनिवार को एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि इन घोटालों की वजह से पूरे देश में पश्चिम बंगाल की भारी बदनामी हुई है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली सरकार में हुई अनियमितताओं के कारण कलकत्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा था, जिसके चलते 26,000 से ज्यादा स्कूली नौकरियां रद्द करनी पड़ी थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्थिति से राज्य की साख को गहरा आघात पहुंचा है और अब बंगाल को इस दलदल से बाहर निकालने का समय आ गया है।

**विधानसभा के अगले बजट सत्र में आएगी नई पारदर्शी भर्ती नीतिः** भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के आगामी बजट सत्र में एक बिल्कुल नई और पारदर्शी भर्ती नीति का विधेयक पेश किया जाएगा। इस नई नीति की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि भर्ती परीक्षाओं के तुरंत बाद उम्मीदवारों को उनकी ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन (ओएमआर) उत्तर पुस्तिका की कार्बन कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पिछली प्रणाली की आलोचना करते हुए कहा, मुझे पता चला है कि पहले ओएमआर शीट की प्रति परीक्षार्थियों को नहीं दी जाती थी, जो कि बेहद दुर्भावनापूर्ण कदम था। यह सब सिर्फ भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए किया जाता था। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकार की भर्ती प्रणाली में साक्षात्कार को सबसे अधिक अंक दिए जाते थे, जो कि उचित नहीं है। नई नीति में साक्षात्कार के अंक न्यूनतम रखे जाएंगे।

**परीक्षा केंद्र बदनाम हुए, आरक्षण के नियमों की हुई अनदेखीः** सीएम शुभेंदु अधिकारी ने पिछली सरकार पर संवैधानिक नियमों की अनदेखी करने का भी गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने भर्तियों में ओबीसी, एससी/एसटी, दिव्यांग और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण के 100 बिंदु रोस्टर का सही तरीके से पालन नहीं किया था। मुख्यमंत्री ने राज्य के परीक्षा केंद्रों की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि हालात इतने खराब हो गए थे कि पूर्व रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने राज्य में अपनी भर्ती परीक्षाएं आयोजित करना ही बंद कर दिया था। इसके परिणामस्वरूप आज पश्चिम बंगाल के युवाओं को परीक्षा देने के लिए मजबूरन बिहार, असम और ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने दृढ़ता के साथ कहा कि उनकी सरकार जल्द ही इस पूरी व्यवस्था को सुधार कर राज्य के युवाओं को न्याय दिलाएगी।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के 81 अधिकारियों का तबादला, कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने जारी की अधिसूचना



संवाददाता

**रांचीः** झारखंड सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला और पदस्थापन किया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 35 से अधिक अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कई जिलों के उपायुक्त बदले गए हैं, जबकि कई अधिकारियों को महत्वपूर्ण विभागीय दायित्व दिए गए हैं।

सौरभ भुवानिया बने देवघर के नए उपायुक्तः सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सौरभ कुमार भुवानिया को खूंटी के उपायुक्त पद से हटाकर देवघर का नया उपायुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं मोहम्मद जावेद हुसैन को पलामू के उप विकास आयुक्त पद से पदोन्नत कर खूंटी का नया उपायुक्त बनाया गया है।

कई जिलों के उपायुक्तों को नई जिम्मेदारीः शेखर जमुआर को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त पद से हटाकर सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर में नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अनन्य मित्तल को गढ़वा के उपायुक्त पद से हटाकर झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी (जेएसएलपीएस) का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है।

स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में भी बदलावः शशि प्रकाश सिंह को देवघर उपायुक्त पद से हटाकर स्वास्थ्य विभाग में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कीर्तिश्री को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में अपर सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं समीरा एस. को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में संयुक्त सचिव तथा दिनेश कुमार यादव को स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है।

जिला परिषद और उप विकास आयुक्त स्तर पर भी फेरबदलः विष्णु श्रीकांत यशवंत को गिरिडीह के अनुमंडल पदाधिकारी पद से हटाकर गोड्डा का उप विकास आयुक्त-सह-जिला परिषद मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं अभिषेक रंजन को खूंटी के अनुमंडल पदाधिकारी पद से गुमला में उप विकास आयुक्त-सह-जिला परिषद मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की

सरकार ने बताई फेरबदल की वजहः सरकार का मानना है कि इस प्रशासनिक फेरबदल से विभागीय कार्यों में तेजी आएगी और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और विकास कार्यों की निगरानी को मजबूत करने के उद्देश्य से यह बड़ा बदलाव किया गया है।

झारखंड पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

## 12 डीएसपी का तबादला, कई जिलों में नई पोस्टिंग से मची हलचल




**रांचीः** झारखंड सरकार ने राज्य में विधि-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए 12 डीएसपी अधिकारियों के तबादले और पदस्थापन का आदेश जारी किया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

**दुमका में नई जिम्मेदारीः** जारी आदेश के मुताबिक दिलीप खालको को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दुमका बनाया गया है। वहीं संदीप भगत को पुलिस उपाध्यक्ष, दुमका में पदस्थापित किया गया है।

महुआडांड़ में पूजा कुमारी की पोस्टिंगः पूजा कुमारी को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महुआडांड़ (लातेहार) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार ने इस पोस्टिंग को क्षेत्र में पुलिसिंग मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना है।

**आईआरबी गोड्डा में कई अधिकारियों की तैनातीः** इसके अलावा मुकेश कुमार महतो, वशिष्ठ नारायण सिंह, चंदन कुमार वत्स तथा प्रदीप कुमार को आईआरबी गोड्डा में विभिन्न पदों पर भेजा गया है।

एसीबी रांची में नई नियुक्तियांः सुनील कुमार चौधरी, कौशर अली, मनोज कुमार सिंह और मनोज कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), रांची में पुलिस उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

**जमशेदपुर में रोहित कुमार राजभर को जिम्मेदारीः** वहीं रोहित कुमार राजभर को पुलिस उपाध्यक्ष, मुसाबनी, जमशेदपुर बनाया गया है। सरकार के इस प्रशासनिक फेरबदल को कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और पुलिस प्रशासन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## सड़क हादसे में नवविवाहिता की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**चतराः** जिले के इटखोरी-सिमरिया मुख्य मार्ग पर पीतीज के गुल्ली मोड़ के पास शनिवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हुआ। शादी के महज 17वें दिन एक नई नवेली दुल्हन की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जिसके बाद इलाके में भारी बवाल खड़ा हो गया। जानकारी के मुताबिक मृतक 22 वर्षीय निशु देवी अपने पति मंटू भुइयाँ के साथ मायके से ससुराल लौट रही थी, तभी एक बोलेरो के चकमे से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर ऑटो से टकरा गई। घटना में निशु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पति को हजारीबाग रेफर किया गया है। हादसे से गुस्साए परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया। इस बीच माहौल तब और तनावपूर्ण हो गया जब परिजनों ने इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक सिंह पर जबरन 'लाश चोरी करने और किडनैप' करने का संगीन आरोप लगाया। हालांकि, थाना प्रभारी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शव को सुरक्षित थाने लाया गया है और रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## मां के प्रेम-प्रसंग से नाराज बेटे ने कराई युवक की हत्या

### बस से अगवा कर की हत्या,जंगल में गाड़ा था शव,तीन गिरफ्तार



**चतराः** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के टुनगुन गाँव से डेढ़ महीने पुराने गुड्डू मुंडा अपहरण और हत्याकांड का चतरा पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी राकेश मुंडा की मां रीता देवी के साथ प्रेम-प्रसंग के विवाद में इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मंधनिया-हाहे के बीहड़ जंगल से जमीन खोदकर मृतक का शव बरामद कर लिया है।इस मामले में पुलिस ने तीन हत्या आरोपियों को गिरफ्तार किया है।सिमरिया अनुमंडल के एसडीपीओ शुभम भाऊ साहेब ने अनुमंडल कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि बीते 30 मार्च को टुनगुन गाँव के ही मुख्य आरोपी राकेश मुंडा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मंधनिया घाटी के पास चलती बस से गुड्डू मुंडा को जबरन उतारा और मारपीट करते हुए जंगल ले जाकर उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के लिए शव को वहीं दफना दिया गया था। 15 मई 2026 को पिता संतोष मुंडा की लिखित शिकायत पर लावालौंग थाना में कांड सं०-29/26 एवं भादवि की धारा 140/3(5) बीएनएस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।एसपी के निर्देश पर सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहब के नेतृत्व में बनी विशेष टीम ने तकनीकी मदद से आरोपी महेश गंझू को दबोचा, जिसकी निशानदेही पर शव बरामद हुआ।



## भागवत कथा का समापन, संरक्षक ने ग्रामीणों से कहा, शुक्रिया

**सिल्ली :** पतराहातु स्कूल मैदान में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत समापन हुआ। अंतिम दिन हवन-पूजन व पूणार्हुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में लगभग 5 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथावाचक गोवर्धन धाम मथुरा के पूज्य गुरुदेव श्री चैतन्य हरि चरित जी महाराज ने सभी श्रोताओं, कथा आयोजक मंडल व सहयोगियों को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा से गांव में धर्म, संस्कार और आपसी प्रेम बढ़ता है। इस पुण्य कार्य में तन-मन-धन से सहयोग करने वाले सभी भक्तों का आभार। वही कथा आयोजक मंडली के संरक्षक राजेश कुमार साहू ने सभी ग्रामवासियों को साधुवाद देते हुए कहा आप सबके सहयोग से ये धर्म का कार्य निर्विघ्न संपन्न हुआ। कथा सुनने से जीवन में सन्मार्ग मिलता है। आगे भी ऐसे आयोजन होते रहें।

## पहचान बढ़ा नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 6 घंटे में गिरफ्तार

**कर्रा (खूंटी):** कर्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद सक्रिय हुई कर्रा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज होने के महज छह घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 19 वर्षीय संतोष महली (ग्राम तस्की, कटहरटोली, करी) के रूप में हुई है।

?खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग ने शनिवार को पुलिस कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी संतोष महली और पीड़ित आदिवासी नाबालिग की मुलाकात हाल ही में एक शादी समारोह के दौरान हुई थी। दोनों पहले से एक-दूसरे को नहीं जानते थे। समारोह में बातचीत के दौरान युवक ने नाबालिग को अपने झांसे में लिया और बहला-फुसलाकर एक सुनसान स्थान पर ले गया, जहाँ उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

?एसपी ने बताया कि घटना के बाद लोकलाज और डर के कारण नाबालिग सहमी हुई थी और इस बात को दबाना चाहती थी। लेकिन अंततः उसने हिम्मत जुटाकर अपने परिवार वालों को आपबीती सुनाई। परिजनों को जैसे ही इस बात की जानकारी हुई, वे तुरंत कर्रा थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

?पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर कर्रा थाना में 22 मई को मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 38/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (1), 96, 351 (2) और 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की। केस दर्ज होने के मात्र छह घंटे के अंदर पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी संतोष महली को धर दबोचा और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

इस त्वरित और सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में एसडीपीओ विजय कुमार सिंह, कर्रा थाना प्रभारी राजू कुमार, एसआई दीपक कांत कुमार समेत थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए अलर्ट रहे स्वास्थ्य विभागः अरुण कुमार साबू



**मुरहू** : जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तापमान को देखते हुए मुरहू उपप्रमुख अरुण कुमार साबू ने सिविल सर्जन खूंटी को पत्र लिखकर लू एवं गर्मी से बचाव को लेकर आवश्यक एडवाइजरी जारी करने की मांग की है।

उपप्रमुख ने कहा कि तपती गर्मी के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।

उन्होंने सिविल सर्जन से जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को दुरुस्त करने तथा आम जनता की सुविधा के लिए अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने का आग्रह किया है, ताकि जरूरत पड़ने पर लोग तुरंत संपर्क कर सकें। अरुण कुमार साबू ने जिले के सभी चिकित्सा प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान लू लगने और विभिन्न मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे लोगों की जान भी जा सकती है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने आम लोगों से भी दोपहर की तेज धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। साथ ही कहा कि यदि किसी व्यक्ति को उल्टी, दस्त, चक्कर या लू लगने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

## शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने की अपील



**चतराः** सदर थाना परिसर में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गयी।लोगो ने त्योहार के दौरान नियमित बिजली, पानी देने की मांग की। एसडीओ ने बकरीद पर्व आपसी प्रेम व भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की. कहा कि कोई भी पर्व भाईचारगी के साथ मनाने के लिए होते है। पर्व को मनाते समय एक-दूसरे की भावनाओं को सम्मान रखना चाहिए। एसडीपीओ ने लोगो से कहा कि पर्व के दौरान के अफवाहों पर ध्यान नहीं दे।किसी तरह की सूचना मिलने पर पुलिस को देने को कहा।असामाजिक तत्वो व सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। त्योहार में माहौल बिगाड़ने वालो को बख्शा नहीं जायेगा।

बैठक में एसडीओ जहुर आलम, एसडीपीओ सन्नी वर्धन, सीओ अनिल कुमार, थाना प्रभारी अवधेश सिंह, सदर अस्पताल के डीएस डाक्टर पंकज कुमार समेत शांति समिति के सदस्य व दोनो समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# सीसीएल की अभिनव पहल से कोयलांचल के मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा नई उड़ान का अवसर

### सीसीएल विद्या सारथी योजना के तहत निःशुल्क जेईई/नीट मार्गदर्शन से आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाओं के सपनों को मिलेगा संबल

संवाददाता



**रांचीः** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम उठाते हुए सीसीएल विद्या सारथी परियोजना प्रारंभ की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सीसीएल एवं नेशनल कंप्यूटर साक्षरता मिशन (एनसीएसएम) के मध्य राँची स्थित मुख्यालय में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न किया गया। कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत शुरू की जा रही इस अभिनव पहल का उद्देश्य सीसीएल कमांड क्षेत्रों में निवासरत मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क तैयारी उपलब्ध कराना है।

यह योजना विशेष रूप से उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आशा एवं अवसर का नया द्वार खोलेगी, जो आर्थिक संसाधनों के अभाव में बड़े शहरों के महंगे कोचिंग संस्थानों तक पहुँच नहीं बना पाते, किंतु अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना संजोए हुए हैं। सीसीएल विद्या सारथीयोजना के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को अब अपने ही क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी हेतु आधुनिक एवं समग्र शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अधिकतम 400 विद्यार्थियों का चयन पारदर्शी प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा में सीसीएल कमांड क्षेत्र के निकटवर्ती ग्रामों एवं क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों के वे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 8 लाख से कम हो तथा जिनका निवास किसी भी सीसीएल प्रतिष्ठान, खदान अथवा इकाई से 25 किलोमीटर की परिधि के भीतर हो।

योजना के तहत सीसीएल कमांड क्षेत्रों में अवस्थित 10 डीएवी विद्यालयों को अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र में आधुनिक स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए जाएंगे, जहाँ चयनित विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा दो वर्षों तक व्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख शिक्षा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कक्षा आधारित मार्गदर्शन, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, स्मार्ट क्लासरूम शिक्षण सुविधा, अध्ययन सामग्री, पुस्तकें, नियमित मॉक टेस्ट, प्रदर्शन मूल्यांकन, विशेष सुधारात्मक कक्षाएँ तथा राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के साथ संवादात्मक सत्र जैसी व्यापक शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री एवं अन्य आवश्यक अध्ययन किट भी निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

विद्यार्थियों की नियमित स्कूली शिक्षा प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए कक्षाओं का संचालन शनिवार एवं रविवार को विद्यालय की सामान्य शिक्षण अवधि के उपरांत किया जाएगा। इससे विद्यार्थी अपनी औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावी रूप से कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि सीसीएल पूर्व से ही शिक्षा, प्रतिभा संवर्धन एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य करता रहा है। कंपनी की लोकप्रिय सीएसआर योजना सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली के अंतर्गत प्रतिवर्ष सीसीएल कमांड क्षेत्रों से 20 छात्र एवं 20 छात्राओं का चयन कर उन्हें आईआईटीयन अधिकारियों के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी, प्लस-2 शिक्षा, हॉस्टल, मेस एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। इस योजना के माध्यम से अब तक 194 विद्यार्थी आईआईटी-एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित अभियंत्रण संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर अपने परिवार, समाज एवं क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन चुके हैं।


सीसीएल विद्या सारथी योजना शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक समावेशन एवं अवसरों की समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी। यह परियोजना न केवल कोयलांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाएगी, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, लक्ष्यबोध एवं उज्ज्वल भविष्य के प्रति नई आशा का संचार भी करेगी। सीसीएल की यह पहल निश्चित रूप से क्षेत्र के सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास को नई गति प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी।

यूपीएससी पीटी ऍग्जाम 2026

# 36 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा जारी, 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू

संवाददाता

**रांची:** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 आज रविवार को देशभर में आयोजित हो रही है। देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शामिल इस परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष देशभर से कुल 8,19,372 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।




कुल 83 केंद्रों पर परीक्षा आयोजितः परीक्षा के लिए देश में कुल 83 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें भुवनेश्वर, कानपुर और मेरठ में हाल ही में जोड़े गए नए परीक्षा केंद्र भी शामिल हैं। यूपीएससी की ओर से इस वर्ष कुल 933 पदों के लिए वैकेंसी निकाली गई है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 180 पद, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 150 पद और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 40 पद शामिल हैं। इसके अलावा बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (पद डब्ल्यूबीडी) के लिए 33 पद आरक्षित किए गए हैं।

राजधानी रांची में परीक्षा को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। शहर में कुल 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न कराने के लिए हर केंद्र पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। केंद्रों के बाहर भी निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

**दो पालियों में परीक्षा आयोजितः** परीक्षा दो पालियों में आयोजित हो रही है। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक, जबकि दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित है। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से काफी पहले केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया था। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रवेश दिया गया। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित सामान लेकर आने पर पूरी तरह रोक लगाई गई है।

रांची जिला प्रशासन ने परीक्षा को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश सुबह 6:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक प्रभावी है। आदेश के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक लोगों के जमा होने पर रोक रहेगी। साथ ही लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र और किसी भी प्रकार की शोर-शराबे वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाः** प्रशासन ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाएं। वहीं, परीक्षा को लेकर छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल देखा जा रहा है। कई अभ्यर्थी सुबह से ही केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। प्रतियोगी छात्रों का कहना है कि वर्षों की मेहनत के बाद अब उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिला है।

यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थी समय से परीक्षा केंद्र पहुंचें और जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं लगाने की अपील की गई है।

## प्रधानमंत्री जनता को दे रहे हैं महंगाई का झटका:राजद

मेट्रो रेज



**रांची:** दस दिन के अंदर तीन बार पेट्रोल -डीजल के कीमतों में केंद्र सरकार द्वारा वृद्धि किये जाने पर राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय एवं राजद के प्रदेश प्रवक्ता आबिद अली ने संयुक्त रूप से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के गलत नीति के चलते देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है,और देश के आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री आप जानते हैं कि भारत कृषि प्रधान देश है पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से इसका सीधा असर खेती करने वाले किसान भाइयों पर पड़ेगा जिससे आने वाले समय में खाद्यान्न ,सब्जी एवं अन्य दैनिक जीवन में आने वाले चिजों

के दामों में अत्यंत वृद्धि होगी। वैसे भी आपके द्वारा कभी नोटबंदी को लेकर तो कभी लॉकडाउन को लेकर तो कभी गैस को लेकर जनता को लाइन पर खड़ा होने को मजबूर कर चुके हैं और अब फिर आपकी गलत नीति के चलते देश की जनता को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि कर इस भीषण गर्मी में एक से एक झटका दे रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल केंद्र सरकार के मुखिया से मांग कर कहना चाहती है कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए टैक्स( वैट और उत्पाद शुल्क) को कम करते हुए आम जनता को महंगाई से राहत दें।

## खूंटी के 16वें उपायुक्त के रूप में मो जावेद हुसैन ने किया पदभार ग्रहण

### सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को बताया प्राथमिकता





विनय मिश्रा

**खूंटी:** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के अधिकारी मो. जावेद हुसैन ने खूंटी जिला के 16वें उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया से कार्यभार संभाला।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवनियुक्त उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति देते हुए उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि जिले की समग्र प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर जिले के वरीय पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त उपायुक्त का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

जेबीवीएनएल निदेशक ने किया सबस्टेशनों का निरीक्षण

## भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने का निर्देश

संवाददाता



**रांची:** ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी के श्रीनिवासन के निर्देश पर जेबीवीएनएल के निदेशक प्रभात कुमार श्रीवास्तव शनिवार को फील्ड में उतरे। उन्होंने हरमू, राजभवन, कोकर एवं बूटी पानी टंकी सबस्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित डिवीजन के कार्यपालक अभियंता अमित भगत, अजय कुमार, गौरव कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना कारण और आकस्मिक स्थिति को छोड़ लंबे समय तक शटडाउन से फिलहाल बचें। तय समय पर जरूरी ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस कार्य करें, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को अधिक देर तक बिजली से वंचित नहीं रहना पड़े। उन्होंने शाम के पीक आवर सात बजे से दस बजे तक सबस्टेशनों में इंजीनियरों एवं मैनपावर की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि जरूरत पड़ने पर तत्काल मेंटेनेंस कार्य किया जाये।

**अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देशः** निदेशक ने अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से फीडरों के पावर ट्रांसफॉर्मर, अर्थिंग एवं पानी की स्थिति की जांच करते रहें। जहां वितरण ट्रांसफॉर्मर ओवरलोडेड हैं, वहां जांच कर आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर कार्यपालक अभियंता अतिरिक्त मैनपावर भी हायर कर सकते हैं।सबस्टेशनों के निरीक्षण के बाद निदेशक प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने रांची सर्किल के एसई डीएन साहू एवं कार्यपालक अभियंताओं के साथ बैठक की।उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### एआई विषय पर इंटर हाउस वाद विवाद प्रतियोगिता

**मांडरः** भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन कंदरी में शनिवार को आइक्यूएसी सेल ने इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की। एआई के लाभ व हानि विषय को लेकर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीएड सत्र 2024-26 और 2025-27 के छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने एआई के भविष्य, शिक्षा में इसकी भूमिका, नैतिक चुनौतियों और समाज पर पड़नेवाले इसके व्यापक प्रभाव पर अपने तार्किक विचार प्रस्तुत किये। डीएसडब्ल्यू उपेंद्र उपाध्याय ने प्रतिभागियों के तर्कों की सराहना करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के लिए एआई की समझ होना अत्यंत आवश्यक है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ दीपावली पाराशर ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कहा गया कि ऐसे आयोजन से छात्रों में आलोचनात्मक सोच और सार्वजनिक तौर पर बोलने के कौशल को निखारने में मदद मिलती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बीएड के विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय और एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी विवेक राज जायसवाल ने मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हंसराज हाउस से अनिल कुमार यादव व ज्योति कुमारी, द्वितीय स्थान दयानंद हाउस से आलोक राज सिंह व मासुमा नगमा तथा तृतीय स्थान श्रद्धानंद हाउस के प्रकाश मुंडा व समीर भारती ने हासिल किया। धन्यवाद ज्ञापन विवेक राज जायसवाल ने किया।

### रांची के नवपदस्थापित डीडीसी संजय भगत का स्वागत, जिले में खुशी



**रांचीः** झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन किया गया है। इसी क्रम में संजय कुमार भगत को रांची का उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, रांची नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, रांची का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

रांची में पदस्थापना की खबर मिलते ही जिले के विभिन्न सामाजिक एवं जनप्रतिनिधियों के बीच खुशी का माहौल देखा गया। जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने श्री संजय कुमार भगत का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आदिल अजीम ने कहा कि रांची को एक कुशल, ईमानदार और विकासोन्मुख अधिकारी मिला है, जिससे जिले के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि श्री भगत के प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली का लाभ निश्चित रूप से आम जनता को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक अच्छे अधिकारी के आने से पूरे जिले में खुशी की लहर है। जनता को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में विकास योजनाओं में तेजी आएगी, ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कार्य होंगे तथा प्रशासन और जनता के बीच समन्वय और मजबूत होगा।

आदिल अजीम ने विश्वास जताया कि संजय कुमार भगत के नेतृत्व में रांची जिला विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा।

## राष्ट्रवाद सर्वोपरि गोष्टी का विशेष आयोजन



मेट्रो रेज

**रांचीः** हरमू मंडल अंतर्गत पटेल भवन में मातृभूमि संस्था के तत्वावधान में राष्ट्रवाद सर्वोपरि गोष्टी का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक विनोद कुमार वर्मा जबकि मंच संचालन संस्था के अध्यक्ष प्रेम वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिंदू जन जागृति समिति पूर्वोत्तर भारत के समन्वयक शंभू गवारे एवं विशिष्ट अतिथि बंगाल से आई सनातन संस्था की समन्वयक बबीता गांगुली , राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह , युवा हिंदू हृदय सम्राट युवा नेता भैरव सिंह , वरिष्ठ संघी एवं भाजपा नेता डॉ समर सिंह शामिल हुए। उपस्थित अतिथियों को मातृभूमि संस्था की ओर से अंग वस्त्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम

मातृभूमि राष्ट्रवादी संस्था की ओर से राष्ट्रवाद सर्वोपरि पर परिचर्चा दिनभर पटेल भवन, हरमू में चलती रही। पूरे झारखंड अथवा अन्य राज्यों से आए राष्ट्रवादी एवं सनातन धर्म के प्रखर वक्ताओं ने अपनी अपनी विचार रखें।

मुख्य अतिथि शंभू गवारे ने लव जिहाद जैसे कई अन्य जिहाद पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि यदि इस विषय पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो, लव जिहाद से भारत का डेमोग्राफी असंतुलित हो जाएगी और राष्ट्रवाद खतरे में पड़ जाएगी।

विशिष्ट अतिथि बंगाल से आई बबीता गांगुली ने अध्यात्म दर्शन पर चर्चा करते हुए राष्ट्रवाद को सर्वोपरि रखने की आवश्यकता बताई। आरएसएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने राष्ट्रवाद पर चर्चा करते हुए कहा कि आज विपक्ष के नेता केंद्र सरकार पर संविधान बदलने की झूठी बातों से जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के समय में ही संविधान के मूल पन्नों से देवी देवताओं का चित्र हटाया गया है! जिसे पुनः चित्रित करने की मांग केंद्र की मोदी सरकार से करता हूं। वहीं केंद्र सरकार से ताजमहल के बंद 22 कमरे को खुलवाए जाने की मांग करता हूं! कहा कि आखिर उक्त 22 बंद कमरे का रहस्य क्या है, जिसे आजादी के पहले 1934 से आज तक बंद रखा गया है। ? वहीं युवा नेता भैरव सिंह ने बहुत ही कड़े शब्दों में देश के विरोधियों से सतर्क रहने पर आवश्यकता बतलाया, तथा अपने देशभक्ति गीतों से लोगों को आकर्षित किया। जबकि डॉ समर सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के कथनों का जिक्र करते हुए लोगों को राष्ट्रवाद पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले राष्ट्र, फिर परिवार। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रेम वर्मा ने राष्ट्रवाद का सम्मान एवं भारत माता का सम्मान नहीं करने वालों की कड़ी आलोचना करते हुए मंच से कहा कि, ऐसे लोगों की नागरिकता छीन लेने की कानून बनाने की आवश्यकता है।।? सभा में मुख्य रूप से संस्था के सचिव बहुरन लोहरा जी छात्र युवा संघ क्लब ग्रुप के संस्थापक शिव किशोर शर्मा , हिंदू जन जागृति समिति सदस्य पूजा चौहान, विद्यानंद शर्मा जैसे अनेक वक्ताओं ने भी अपना अपना विचार रखें।

## खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी

**चाईबासाः** जिले के विभिन्न प्रखंडों में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। शुक्रवार को कुल 39 चापाकलों की मरम्मत कर उन्हें चालू किया गया। इनमें 30 चापाकलों की मरम्मत नियमित मरम्मत (आरएम) के तहत तथा 9 चापाकलों की मरम्मत आरआरपी के तहत की गई।

जगन्नाथपुर प्रखंड के तोंडागहातु पंचायत अंतर्गत तोंडागहातु गांव के डाउबेडा टोला तथा पटाजेंट पंचायत के बनकट्टी गांव के उपर टोला में चापाकल की मरम्मत की गई। नोवामुंडी प्रखंड के पटेता पंचायत अंतर्गत पटेता गांव के गड़ासाई एवं रंका साई में चापाकल चालू कराया गया। वहीं दूधबिला पंचायत के सुकरीपाड़ा गांव, मुंडा साई, टाडेया गांव एवं लंकासाई टोला में भी खराब चापाकलों की मरम्मत की गई। इसके अलावा जेटेया पंचायत के बबडिया गांव के मुंडा साई और उलीसाई टोला तथा पेटेता पंचायत के लतार कुंदरीझोर गांव के परोम साई में भी चापाकल दुरुस्त किए गए। तांतनगर प्रखंड के चिटिमिटी पंचायत अंतर्गत खास गांव के उपर टोला एवं केचो बासा में चापाकलों की मरम्मत कर पेयजल व्यवस्था बहाल की गई। टोंटो प्रखंड के नीमडीह पंचायत अंतर्गत नीमडीह गांव तथा बामेबासा पंचायत के बामेबासा गांव के नीचे टोला में चापाकलों को ठीक किया गया। झींकपानी प्रखंड के केलेण्डे पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर गांव एवं तिरिलपी पंचायत के केंदुपोसी गांव में खराब चापाकलों की मरम्मत की गई। खूंटपानी प्रखंड के मटकाबेड़ा पंचायत अंतर्गत बागु सेरेग गांव के नीचे टोला में चापाकल को चालू कराया गया। हाटगम्हरिया प्रखंड के रूईया पंचायत अंतर्गत रूईया गांव के स्कूल साई स्थित पंचायत भवन परिसर में चापाकल की मरम्मत की गई। मझगांव प्रखंड के अधिकारी पंचायत अंतर्गत अमयमरचा गांव के अंदुबाना टोला में तीन चापाकलों की मरम्मत कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई।

स्वच्छ रामगढ़।
सुन्दर रामगढ़।।
कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़
आपकी भागीदारी
हमारी जिम्मेदारी।।
रामगढ़, झारखण्ड- 825101
दूरभाष नं0:- 6553.295014 ई.मेल:- nagarparishadramgarh@gmail.com
वेबसाईट :- http://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Ramgarh/Ramgarh.aspx

आम सूचना

नगर परिषद् रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत अनाधिकृत रूप से निर्मित आवासीय एवं वाणिज्यिक भवनों का नियमितीकरण।
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार अधिसूचना संख्या–06/न०वि०(TCPO) भ०उ० वि०–05/2017–1315 रांची, दिनांक 27.04.2026 से झारखण्ड सरकार द्वारा "झारखण्ड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली 2026" को अधिसूचित किया गया है।

1. नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत दिनांक –31.12.2024 के पूर्व अनाधिकृत रूप से निर्मित भवन को नियमितीकरण शुल्क के साथ नियमितीकरण नियमावली 2026 के अनुसार अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से 60 दिनों के अंदर Online आवेदन किया जाना है।
2. इस नियम के अनुसार, सभी प्रकार के आवासीय/व्यवसायिक भवन जो अधिकतम G+2 (upto 10m ) एवं आवेदक प्लॉट का अधिकतम क्षेत्रफल 300Sqm तथा 3228 Sqft तक हो सकता है।
3. वैसे सभी प्रकार आवासीय/व्यवसायिक G+2 भवन, जिसका निर्माण सक्षम प्राधिकार से बिना स्वीकृति प्राप्त किया गया हो।
4. वैसे सभी प्रकार के आवासीय/व्यावसायिक G+2 भवन, जिसका निर्माण स्वीकृत भवन प्लान के अनुरूप निर्मित हो परन्तु विचलन किया गया हो।

ज्ञात हो कि निर्मित भवन को नियमित करने हेतु Online आवेदन समर्पित करने के लिए वैसे Licensed Technical Person (Architect, Engineer, Draftsman etc.) सक्षम है जिनका LTP Name / Firm Name प्राधिकार के द्वारा प्राधिकृत किया गया है (सूचि Jharkhand BPAMS Portal पर उपलब्ध है)। आवेदन Online https://jhbpams-jharkhand-gov-in Portal / Website पर समर्पित की जाएगी।
नोट :– अधिक जानकारी के लिए नगर निवेशन शाखा, नगर परिषद् रामगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़
PR 380641 District (26-27)_D



# कब से शुरू हो रहा है नौतपा? इस दौरान क्या करें क्या नहीं

**नौतपा के नौ दिन जहां वैज्ञानिक रूप से सूर्य की किरणें सबसे ज्यादा तीखी होती हैं जिसके कारण सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है तो वहीं, दूसरी ओर ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि सूर्य को प्रसन्न करने के लिए ये नौ दिन सर्वाधिक शुभ हैं।**

नौतापा का हिन्दू धर्म में बहुत महत्व माना गया है। नौतपा वो नौ दिन होते हैं जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं और उनकी ऊर्जा एवं उनका तेज चरम पर होता है। नौतपा के नौ दिन जहां वैज्ञानिक रूप से सूर्य की किरणें सबसे ज्यादा तीखी होती हैं जिसके कारण सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है तो वहीं, दूसरी ओर ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि सूर्य को प्रसन्न करने, सूर्य के तेज को अपने व्यक्तित्व में उतारने एवं भाग्योदय के लिए ये नौ दिन सर्वाधिक शुभ हैं। ऐसे में आइये जानते हैं ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से कि इस साल कब से शुरू हो रहा है नौतपा और इन नौ दिनों में क्या करना चाहिए क्या नहीं।

### नौतपा कब से शुरू है?

सूर्य देव इस वर्ष 25 मई के दिन पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जिसके साथ ही नौतपा शुरू हो जाएगा और यह अगले नौ दिनों तक रहेगा। वहीं, सूर्य देव 8 जून, रविवार के दिन को दोपहर 1 बजकर 4 मिनट तक रोहिणी नक्षत्र में विराजमान रहेंगे। इसके बाद, 8 जून को वे मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और फिर 15 जून को मिथुन राशि में गोचर करेंगे।

### नौतपा में क्या करें?

नौतपा के नौ दिनों के दौरान सूर्य देव को रोजाना लाल चंदन और गेंदे का एक फूल जल में डालकर अर्घ्य दें। इसके अलावा, इन नौ दिनों में रोजाना आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें। नौतपा के दौरान जल, वस्त्र, भोजन आदि का दान अवश्य करें। हवा का दान कूलर या फिर ऐसी के रूप में भी कर सकते हैं। नौतपा के नौ दिन धार्मिक कार्यों में लीन रहना चाहिए। इससे शुभता घर में बनी रहती है।

### नौतपा में क्या न करें?

नौतपा के नौ दिन भूल से भी बुरे विचारों एवं बुरे कार्यों में नहीं पड़ना चाहिए नहीं तो इससे सूर्य कुंडली में कमजोर होते हैं। सूर्य से जुड़ी वस्तुओं जैसे कि लाल रंग के वस्त्र, गेहूं, गुड़, सोना, माणिक्य, घी, केसर, तांबा आदि का दुष्प्रयोग न करें, नहीं तो इससे भयंकर सूर्य दोष लग सकता है। नौतपा के नौ दिनों तक ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए और बिस्तर के बजाय जमीन पर सोना चाहिए।



# कब है गंगा दशहरा शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

**हिन्दू पंचांग के अनुसार, प्रति वर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। इस बार यह तिथि 25 मई, सोमवार को मनाई जा रही है। आइए जानते हैं गंगा दशहरा क्यों खास हैं, जानिए इस पर्व का महत्व।**

ज्येष्ठ माह में आने वाले सभी त्योहारों का विशेष महत्व है। इस माह में वट सावित्री व्रत, शनि जयंती, अपरा एकादशी जैसे बड़े पर्व आते हैं। इन्हीं में से एक है गंगा दशहरा! ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन गंगा दशहरा मनाया जाता है। हिंदू धर्म में इस तिथि को बेहद ही शुभ माना जाता है। इस दिन गंगा नदी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही दान जैसे पूण्य कार्य करते हुए गंगा में स्नान किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। यही नहीं उसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। शास्त्रों में गंगा माता को मोक्षदायिनी भी कहा गया है। ये भी माना जाता है कि गंगा नदी शिव जी की जटाओं से निकलती हैं, इसलिए इस दिन शिव जी की भी पूजा करनी चाहिए। इससे विशेष लाभ की प्राप्ति होती है।

### गंगा दशहरा की पूजा विधि

- गंगा दशहरा पर ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान करें।
- इसके बाद साफ वस्त्रों का धारण करके सूर्यदेव को अर्घ्य दें।
- इस शुभ दिन पर गंगा मां के साथ-साथ शिव जी की पूजा करने का भी विधान है।
- इस दौरान गंगा स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति होती है।
- पूजा के बाद आप जरूरतमंद लोगों को दान कर सकते हैं।

### गंगा स्नान से ये पाप होते हैं नष्ट

गंगा स्नान करने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। माना जाता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से 10 पाप नष्ट हो जाते हैं। इनमें निषिद्ध हिंसा, परस्त्री गमन, बिना दी हुई वस्तु को लेना, कठोर वाणी, दूसरे के धन को लेने का विचार, दूसरों का बुरा करना, व्यर्थ की बातों में दुराग्रह, झूठ बोलना, चुगली करना, दूसरों का अहित करना शामिल है।

### गंगा दशहरा का महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार, गंगा मां की आराधना करने से व्यक्ति को दस प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। गंगा ध्यान एवं स्नान से प्राणी काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सर, ईर्ष्या, ब्रह्महत्या, छल, कपट, परनिंदा जैसे पापों से मुक्त हो जाता है। गंगा दशहरा के दिन भक्तों को मां गंगा की पूजा-अर्चना के साथ दान-पुण्य भी करना चाहिए। गंगा दशहरा के दिन सत्तू, मटका और हाथ का पंखा दान करने से दोगुना फल की प्राप्ति होती है।

- गंगा दशहरा पर्व सनातन संस्कृति का एक पवित्र त्योहार है।
- धार्मिक मान्यता के अनुसार कहा जाता है कि इस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था।
- गंगा दशहरा के दिन पवित्र नदी गंगा में स्नान करने से मनुष्य अपने पापों से मुक्त हो जाता है।
- गंगा, नदी स्नान के साथ-साथ इस दिन दान-पुण्य करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन सत्तू, मटका और हाथ का पंखा दान करने की मान्यता है।
- मंत्र- नमो भगवते दशपापहराये गंगाये नारायण्ये रेवत्ये शिवाये दक्षाये अमृताये विश्वरुपिण्ये नंदिन्ये ते नमो नमः
- गंगा दशहरा के दिन अपने पितृ को याद करके उन्हें जल अर्पण करना चाहिए।
- शास्त्रों के अनुसार गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान के बाद सूर्यदेवता को जल अर्घ्य देना चाहिए, तत्पश्चात दान अवश्य करना चाहिए।
- देवी भागवत के अनुसार शतशः योजन दूर बैठा मनुष्य भी यदि गंगा के नाम का उच्चारण करता है, तो वह पापों से मुक्त होकर भगवान श्रीहरि के धाम को प्राप्त करता है।
- गंगा भगवान विष्णु का स्वरूप है। इसका प्रादुर्भाव भगवान के श्रीचरणों से ही हुआ है। तभी तो गंगा (मां) के दर्शनों से आत्मा प्रफुल्लित तथा विकासोन्मुखी होती है।
- यदि कोई भी श्रद्धालु स्नान से पहले गंगा का आवाहन करता है और नदी में डुबकी लगाने से पहले उसी में गंगा की उपस्थिति की अनुभूति करता है।



### गंगा दशहरा पर दान

गंगा दशहरा के दिन दान का विशेष महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस पावन अवसर पर जल, अन्न, फल, वस्त्र और पूजा सामग्री का दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही घी, नमक, तेल, शक्कर और स्वर्ण जैसी वस्तुओं का दान करने की भी परंपरा है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन श्रद्धा और क्षमता के अनुसार किया गया दान पुण्य फल को बढ़ाता है और जीवन में सुख-समृद्धि लाता है।

## दशविध स्नान क्या है? गंगा दशहरे के दिन घर पर कैसे कर सकते हैं 10 तरह के स्नान

**प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को 'गंगा दशहरा' का पर्व मनाया जाता है। शास्त्रानुसार इस दिन मां गंगा का स्वर्ग से धरती पर आगमन हुआ था।**

गंगा-दशहरे के दिन जो व्यक्ति मां गंगा की आराधना करता है, उनकी धूप, दीप, नैवेद्य आदि से षोडशोपचार पूजन कर उपवास करता है, वह कायिक-वाचिक-मानसिक त्रिविध पापों से मुक्त हो जाता है। 'गंगा-दशहरे' के दिन 'दशविध-स्नान' का बहुत महत्व होता है। इस दिन 'दशविध-स्नान' करने वाले साधक को अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है। दशविध-स्नान से आशय शास्त्र द्वारा वर्णित दस प्रकार के स्नान से है। गंगा दशहरे के दिन करें यह दशविध स्नान-

1.गोमूत्र से स्नान 2.गोमय से स्नान
3.गौदुग्ध से स्नान 4.गौदधि से स्नान
5.गौघृत से स्नान 6.कुशोदक से स्नान
7.भस्म से स्नान 8.मृत्तिका (मिट्टी) से स्नान
9.मधु (शहद) से स्नान 10.पवित्र जल से स्नान

उपर्युक्त वर्णित वस्तुओं से अपनी सामर्थ्य के अनुसार लेपन व तिलक कर स्नान करने से 'दशविध-स्नान' की पूर्णता होती है।



# विष्णु जी की कृपा पाने के लिए अधिक मास के महीने में जरूर दान करें ये 3 खास चीजें

**अधिक मास में कई सारे कार्य ऐसे होते हैं, जिन्हें करने की मनाही होती है। ऐसे में आप दान जैसे शुभ कार्यों को कर सकती हैं। इससे आपके ऊपर भगवान विष्णु की कृपा बनी रहेगी। साथ ही आपके कार्य भी पूरे होंगे।**

अधिक मास का महीना हिंदू धर्म में खास होता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर इसमें पूजा-पाठ से जुड़े कार्य किए जाते हैं, तो इससे भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में आप भी दान जैसे शुभ कार्य को कर सकती हैं और भगवान को प्रसन्न कर सकती हैं। इस महीने में 3 ऐसी चीजें हैं, जिसका दान करना सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है।

### पीले रंग के वस्त्र


भगवान विष्णु को पीला रंग बेहद प्रिय होता है, और यह रंग देवगुरु बृहस्पति का भी प्रतीक है। अधिक मास में पीले रंग की वस्तुओं का दान करने से कुंडली में गुरु ग्रह मजबूत होता है, जिससे विवाह, करियर और शिक्षा में आ रही बाधाएं दूर होती हैं। आप इसे जरूर दान करें। इसके लिए आप किसी पुजारी को यह सामान दे सकती हैं या जरूरतमंद को पीले वस्त्र दे सकती हैं, ताकि इससे आपके जीवन में भगवान का आशीर्वाद बना रहे। इससे आपके मान सम्मान में भी वृद्धि होगी।

### मौसमी फल का करें दान

गर्मी के मौसम में अधिक मास का महीना आता है। ऐसे में आप मौसमी फल का दान भी कर सकती हैं। इसके लिए आप केला, खरबूजा, आम या तरबूज को दान करें। इससे आपके जीवन में खुशहाली बनी रहेगी। साथ ही आपके सभी कार्य अच्छे से पूरे होंगे। इन फलों को आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दान करें, ताकि वो इसका सेवन कर सकें।

### अधिक मास में करें अनाज का दान

अगर आपके जीवन में रुकावटें आ रही हैं, तो इस महीने में आप अनाज का दान जरूर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि अनाज के दान से आपके जीवन की सभी परेशानियां कम होंगी। साथ ही आपके रुके हुए कार्य अच्छे से पूरे हो जाएंगे। अनाज में आप चावल, दाल या गेंहू का दान कर सकती हैं। अधिक मास भगवान विष्णु की साधना का एक अनमोल अवसर है। इस महीने में किए गए ये तीन विशेष दान न केवल आपको मानसिक और आर्थिक कष्टों से मुक्ति दिलाएंगे, बल्कि आपके घर को धन-धान्य से भर देंगे। इस पवित्र महीने का लाभ उठाएं और श्रद्धापूर्वक दान कर भगवान पुरुषोत्तम का आशीर्वाद प्राप्त करें।



# 25 या 26 मई, कब है गंगा दशहरा? सही तिथि, पूजा का शुभ मुहूर्त और महत्व

**सनातन धर्म में माता गंगा के धरती पर आगमन दिवस को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए पूजा-पाठ से भक्तों को पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। आइए यहां जानें इस साल गंगा दशहरा की सही तिथि और महत्व के साथ पर्व से जुड़ी अन्य बातों के बारे में।**

हिंदू धर्म में किसी भी तिथि का विशेष महत्व होता है और इनमें से एक है गंगा दशहरा। सनातन धर्म में इस पर्व को अत्यंत पवित्र माना जाता है और इस दिन भक्त जन श्रद्धा भाव से गंगा नदी में स्नान करके दान-पुण्य करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इसी तिथि पर मां गंगा पृथ्वी पर आई थीं। इस कारण से इस दिन को गंगा जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। हर साल ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन दान-पुण्य करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है और सभी पापों से मुक्ति मिलती है। गंगा दशहरा के दिन पूजा-पाठ का भी विशेष महत्व और और इस दिन लोग नदियों में दीपदान भी करते हैं। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें इस साल गंगा दशहरा कब मनाया जाएगा और इस दिन की पूजा के शुभ मुहूर्त के साथ इस पर्व का महत्व क्या है?

### गंगा दशहरा 2026 कब है?

गंगा दशहरा हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है और इस साल यह तिथि 25 मई, सोमवार को पड़ रही है। इसी वजह से इस दिन ही गंगा दशहरा मनाया जाएगा और इसी दिन का पूजन शुभ होगा।

### गंगा दशहरा की पूजा का शुभ मुहूर्त

दशमी तिथि आरंभ- 25 मई 2026, सोमवार, प्रातः 04:30 बजे
दशमी तिथि समाप्त- 26 मई 2026, मंगलवार शाम 05:10 बजे
उदयातिथि के अनुसार गंगा दशहरा 25 मई को ही मनाया जाएगा।
गंगा दशहरा पर ब्रह्म मुहूर्त को सबसे पवित्र माना गया है।
**ब्रह्म मुहूर्त**- 25 मई, 4:40 बजे से 5:23 बजे तक। इस समय स्नान, ध्यान और तप करने का विशेष महत्व बताया जाता है।
सूर्योदय-25 मई, सुबह 6:06 बजे होगा।
अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:17 बजे से शुरू होकर 1:10 बजे तक रहेगा।
यह मुहूर्त सभी प्रकार के शुभ कार्यों के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना जाता है।
ऐसी मान्यता है कि गंगा दशहरा पर ब्रह्म मुहूर्त या अभिजीत मुहूर्त में पूजा करना सबसे शुभ होता है।

### गंगा दशहरा का महत्व

हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से उतरकर पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। मान्यता है कि राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए कठोर तपस्या की और उसके परिणामस्वरूप माता गंगा पृथ्वी पर उतरकर आईं। मां गंगा के धरती पर अवतरित होने के बाद भगीरथ के पूर्वजों को मोक्ष प्राप्त हुआ। ऐसी मान्यता है कि आज भी गंगा दशहरा की पूजा विधि-विधान से करने पर व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन गंगा स्नान, दान, जप और पूजा-पाठ करने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि गंगा दशहरा पर श्रद्धा से गंगा या किसी अन्य पवित्र नदी में स्नान करने और मां गंगा की पूजा करने से दस प्रकार के पापों का नाश होता है। इसी कारण इसे गंगा दशहरा कहा जाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### विभिन्न विभागों व योजनाओं का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, कहा-

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं

✔ व्यवस्थाओं में सुधार हेतु दिए आवश्यक निर्देश

**संवाददाता**



**साहिबगंज:**उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे द्वारा आज जिला के विभिन्न कार्यालयों, संस्थानों एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम बालिका गृह भवन निर्माण हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित आवश्यक बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को डीपीआर शीघ्र समर्पित करने का निर्देश दिये। इसके साथ ही उपायुक्त ने फूलो-झानो ज्ञान केंद्र का भी जायजा लिया तथा वहां संचालित पुस्तकालय एवं रीडिंग कक्षा एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मंडरो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आकस्मिक कक्ष, परिचारिका कक्ष नेत्र जांच कक्ष टीकाकरण कक्ष, शीत श्रृंखला कक्ष तथा बाह्य रोगी कक्ष का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता, टीकाकरण व्यवस्था तथा विशेष रूप से एंटी-रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभागीय निर्देश के आलोक में एंटी वेनम की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी गई कि स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट की कमी है इस पर उपायुक्त के द्वारा संबंधित अधिकारियों को बाह्य स्रोत से एक फार्मासिस्ट की शीघ्र सेवा प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में सीएसआर मद से प्राप्त एंबुलेंस का भी निरीक्षण किया। उसके संचालन एवं रख-रखाव की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जबकि

उपायुक्त द्वारा बीपीएचयू भवन का भी निरीक्षण किया गया। भवन में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। इस क्रम में नव निर्माण कार्य में दीवारों में हो रहे वॉल सीपेज पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित कार्यकारी एजेंसी एवं संवेदक को आवश्यक मरम्मत एवं गुणवत्ता सुधार कार्य अविलंब कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा प्रखंड-सह -अंचल कार्यालय,मंडरो का निरीक्षण किया गया। परिसर का भ्रमण कर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया तथा नए प्रखण्ड -सह- अंचल भवन की स्वीकृति शीघ्र प्राप्त करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। वही दूसरी ओर उपायुक्त के द्वारा मंडरो प्रखंड के बांसकोला में जल जीवन मिशन अंतर्गत निमार्णाधीन मंडरो प्रखंड ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया गया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए साथ ही कार्यपालक अभियंता को विभाग से आवंटन प्राप्त कर योजना के बंद पड़े कार्य को तत्काल प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के अंतिम चरण में उपायुक्त द्वारा मंडरो प्रखंड अंतर्गत तसर सिल्क के बुनकरों हेतु संचालित कॉमन फैसिलिटी सेंटर सीएफसी का भी जायजा लिया गया। जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेर्शों का अनुपालन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समन्वय के साथ कार्य करें।

## सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल और प्याऊ की समुचित व्यवस्था करें सुनिश्चित :उपायुक्त



साहिबगंज :उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में नगर परिषद् साहिबगंज नगर पंचायत राजमहल एवं नगर पंचायत बरहरवा अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकायों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति, साफ–सफाई व्यवस्था नागरिक सुविधाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। विशेष रूप से गंगा विहार पार्क की साफ–सफाई व रखरखाव की स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था, राजस्व संग्रहण, वाटर सप्लाई स्कीम, सीवरेज कनेक्शन सैरात बंदोबस्ती से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।भीषण गर्मी को देखते हुए उपायुक्त ने नगर निकायों को आमजनों की सुविधा हेतु विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल और प्याऊ की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें । साथ ही उन्होनें जन हित से जुड़े आवश्यक योजनाओं का प्रस्ताव एवं प्राक्कलन तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिए। बैठक में लंबित ठोस अवशिष्ट प्रबंधन योजनाओं एवं नगर निकायों द्वारा स्वयं के आय स्रोत में बढ़ोतरी हेतु विस्तार से चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। जबकि साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# उधवा प्रखंड में प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला सह कृषक गोष्ठी 2026 का भव्य आयोजन

–संतुलित उर्वरक उपयोग एवं सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

**संवाददाता**




**साहिबगंज :**उधवा प्रखंड में प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला सह कृषक गोष्ठी 2026 का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख प्रखंड विकास पदाधिकारी जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी साहिबगंज उप परियोजना निदेशक आत्मा साहिबगंज,प्रखंड कृषि पदाधिकारी, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएस एलपीएस प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक व अनुमंडल स्तरीय एग्री क्लिनिक के प्रखंड समन्वयक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यशाला में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती जल संरक्षण फसल प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र साहिबगंज के वरीय कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को इएल - एन आईएनओ के कारण संभावित सुखाड़ की स्थिति से बचाव एवं उससे निपटने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों एवं वैज्ञानिक खेती पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान कृषि समन्वयक निकेश कुमार ने किसानों से संतुलित एवं वैज्ञानिक तरीके से उर्वरकों का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मिट्टी जांच के आधार पर उर्वरक प्रयोग करने से उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति भी सुरक्षित रहती है।वहीं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक द्वारा किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, अनुदान आधारित कार्यक्रमों बीज वितरण, कृषि यंत्रीकरण अन्य लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक किसानों से योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया गया।कार्यशाला के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाव तथा सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपस्थित किसानों व जनप्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न, 15 यूनिट रक्त संग्रह




**संवाददाता**

**साहिबगंज:**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आजाद नगर कोर्ट रोड स्थित झूमावती हॉस्पिटल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शनिवार को आयोजित किया गया।डॉ अजय कुमार की देखरेख में चले इस शिविर में कुल 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। सी एस के निर्देश पर आयोजित शिविर सुबह 10:00 बजे से शुरू हुआ।रक्त संग्रह का कार्य सदर अस्पताल की विशेष मेडिकल टीम ने किया।कैम्प का संचालन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार ने किया।तकनीकी कार्य के लिए सदर अस्पताल ब्लड सेंटर से प्रयोगशाला प्रावैधिक मो जाहीद अली और प्रयोगशाला सहायक शुभम गोस्वामी मौजूद थे। सहयोग के लिए सदर अस्पताल के चालक विजय कुमार रूज को भी प्रतिनियुक्त किया गया था। शिविर के दौरान आम नागरिकों से रक्तदान जैसी जीवन रक्षक मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि संग्रहित रक्त को सदर अस्पताल के ब्लड सेंटर में जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद निजी आवास पहुंचे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम

**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवाः** झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शनिवार को करीब दो साल बाद अपने निजी आवास बरहरवा पहुचे।शनिवार शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच जैसे ही पूर्व मंत्री आलम गीर आलम कोटालपोखर की धरती पर पहुंचे।वहां पहले से ही



बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों और कांग्रेस कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यकर्त ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया।इस दौरान पूरा माहौल बेहद उत्साहमय हो गया और कार्यकताओं ने आलमगीर आलम जिंदाबाद निसात आलम जिंदाबाद तनवीर आलम जिंदाबाद और कांग्रेस पार्टी जिंदाबादऱ के गगनभेदी नारे लगाए।स्वागत समारोह के दौरान मौजूद समर्थकों ने बारी-बारी से पूर्व मंत्री से मुलाकात की,उनका हालचाल जाना और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु की कामना की।लंबे समय बाद अपने नेता को अपने बीच पाकर स्थानीय लोगों और प्रशंसकों में भारी खुशी देखी गई।वही रास्ते मे भी जगह जगह कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।मौके पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, जिला महासचिव मिथुन मंडल,अशोक दास,नाबीद अंजुम,दिलदार आलम, रविउल इस्लाम,सोशल मीडिया चेयरमैन नेहाल अख्तर तथा कोटालपोखर पंचायत की मुखिया सेरोफिना हेंब्रम मौजूद रहीं।

## जिरवाबाड़ी थाना का निरीक्षण कर केस रिव्यू

**साहिबगंज :**सर्किल इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने शनिवार को जिरवाबाड़ी थाना का निरीक्षण कर केस रिव्यू किया।उन्होंने अधिक समय से लंबित पड़े अपराधिक केस की जानकारी लेते हुए अनुसंधानकताओं को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित पड़े मामलों का निष्पादन के लिए समीक्षा करते हुए कहा की जल्द से जल्द निष्पादन करें ।मौके पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, सहित अन्य मौजूद थे।

## बकरीद पर्व को लेकर राधानगर थाना में शांति समिति की बैठक

# सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील, सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

**संवाददाता**



**साहिबगंज/उधवा:**आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को राधानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ राजमहल विमलेश कुमार त्रिपाठी ने की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का भड़काऊ, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाला पोस्ट करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की।

बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने लोगों से आपसी समन्वय और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।पुलिस निरीक्षक राजमहल राजीव रंजन ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियां कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।वहीं राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने कहा कि थाना क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी। विभिन्न स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। उन्होंने लोगों से प्रशासन को सहयोग करने एवं किसी भी विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। बैठक में मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया तथा आपसी भाईचारे के साथ बकरीद पर्व मनाने का संकल्प लिया।मौके पर एसआई सुनील कुमार मेहता, ऐनुल हक अंसारी, अधीर मंडल, विश्वजीत मंडल, अयूब अली, सुनील प्रामाणिक, अजरूद्दीन शेख, धर्मराज मंडल, जहांगीर शेख सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की तलाश में परिजन व जीआरपी

**साहिबगंज :**मानसिक रूप से पीड़ित एक व्यक्ति के लापता होने के बाद उसके परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में परिजन साहिबगंज जीआरपी थाना पहुंचकर पुलिस से सहायता की गुहार लगाई है।लापता व्यक्ति का नाम उत्तम कुमार आलोक है, जिनकी उम्र लगभग 38 वर्ष बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार वह दिनांक 22 मार्च 2026 की रात्रि करीब 10 से 11 बजे के बीच चुटिया संतमत आश्रम से खराब मानसिक स्थिति में कहीं निकल गए थे। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।बताया गया कि लापता होने के समय उन्होंने नीले रंग की शर्ट एवं जींस पहन रखी थी।मौके पर मौजूद उनके भाई सर्वोत्तम कुमार ने बताया कि उनके भाई मानसिक रूप से पीड़ित हैं और अचानक कहीं चले गए हैं। उन्होंने कहा कि भाई की तलाश के लिए साहिबगंज जीआरपी सहित अन्य संस्थाओं से संपर्क कर खोजबीन की जा रही है। परिवार के लोग लगातार संभावित स्थानों पर जाकर जानकारी जुटा रहे हैं। वहीं साहिबगंज जीआरपी थाना प्रभारी कैलाश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस द्वारा हरसंभव सहयोग करते हुए व्यक्ति की तलाश में सहायता की जाएगी।

यदि किसी व्यक्ति को उत्तम कुमार आलोक के संबंध में कोई जानकारी मिले तो परिजन के मोबाइल नंबर 7479628530 पर संपर्क करने की अपील की गई है

### ऑनलाइन लोन के झांसे में महिला से 1600 रूपये की साइबर ठगी

**साहिबगंज:**जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी पूनम कुमारी ऑनलाइन लोन लेने के चक्कर में साइबर ठगी का शिकार हो गईं। जानकारी के अनुसार महिला ने गूगल पर ऑनलाइन लोन संबंधी जानकारी खोजी थी।इसी दौरान ठगों ने उनसे संपर्क कर 1600 रुपये की ठगी कर ली।घटना के बाद पीड़िता जिरवाबाड़ी थाना पहुंची और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।इस संबंध में थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि महिला ऑनलाइन ऋण लेने के प्रयास में साइबर ठगी की शिकार हुई हैं। मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

### लंबित मामले व फरार आरोपियों पर जल्द करें कार्रवाई : एसडीपीओ

**साहिबगंज :**जिला मुख्यालय में नव पदस्थापित एसडीपीओ सुशील कुमार ने शनिवार को थाना प्रभारियों एवं पुलिस निरीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करें तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में आगामी मुस्लिम समुदाय के पर्व बकरीद को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी क्षेत्र में अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस की पैनी नजर बनी रहनी चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने एवं गश्ती बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया।इस दौरान नव पदस्थापित एसडीपीओ ने अपने अधीनस्थ क्षेत्र के थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों से परिचय भी प्राप्त किया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडेय, मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार, महिला थाना प्रभारी, एसटी-एससी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### ट्रेन के एसी कोच से 7.2 लीटर विदेशी शराब बरामद, कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

**साहिबगंज:**कहलगांव रेलखंड में सी आई बी मालदा की विशेष चेकिंग अभियान में टीम ने ट्रेन संख्या 13429 अप आनंद विहार टर्मिनल वीकली एक्सप्रेस में विशेष जांच अभियान चलाकर 7.2 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए एक कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22 मई 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर साहिबगंज से कहलगांव के बीच उक्त ट्रेन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान ए-2 कोच संख्या एफ-231878/सी के लॉकर से टीएलसीओओएन बैग में रखी 40 बोतल बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 7200 एमएल 7.2 लीटर अनुमानित कीमत करीब 5,600 रुपये बताई गई है।

अवैध बिक्री के लिए ले जाई जा रही थी शराबः जांच के दौरान कोच अटेंडेंट दिलबर हुसैन (28 वर्ष), निवासी मालदा, पश्चिम बंगाल से पूछताछ की गई। पूछताछ में वह बरामद विदेशी शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह शराब को अवैध बिक्री के उद्देश्य से मालदा टाउन से जमालपुर ले जा रहा था।

इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने विधिवत कार्रवाई करते हुए शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी, जप्त माल एवं संबंधित दस्तावेजों को अग्रेतर कानूनी कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट कहलगांव को सुपुर्द किया जा रहा है।

### देर रात एक्शन मोड में दिखी जिरवाबाड़ी पुलिस चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**साहिबगंज:**शहर में बढ़ती रात्री गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने को लेकर साहिबगंज पुलिस इन दिनों पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है।इसी क्रम में देर रात झरना कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर के समीप पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान देर रात बेवजह घूमने वाले युवकों,मनचलों,नशेड़ियों तथा संदिग्ध लोगों की गहन जांच की गई।पुलिस ने वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी विशेष नजर रखी।वहीं अवैध हथियार और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान को लेकर भी जांच अभियान चलाया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में चोरी छिनतई अन्य आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार रात्री गश्ती बढ़ाई जा रही है।साथ ही पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है।देर रात चले इस विशेष अभियान से इलाके में हड़कंप का माहौल देखा गया।स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।





रोमांस और एंटरटेनमेंट से भरपूर होगी फिल्म

# ‘है जवानी तो इश्क होना है’

**वरुण** धवन, पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर स्टारर फिल्म ‘है जवानी तो इश्क होना है’ को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है। अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ‘है जवानी तो इश्क होना है’ का ट्रेलर 21 मई 2026 को रिलीज किया जाएगा। डेविड धवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी, रोमांस और एंटरटेनमेंट से भरपूर होगा। इससे पहले मेकर्स फिल्म का टीजर और दो गाने ‘वाओ’ और ‘व्याह करवाड़ो जी’ रिलीज कर चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया।

### क्या कॉपी है फिल्म ‘है जवानी तो इश्क होना है’?

हाल ही में सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा शुरू हो गई थी कि ‘है जवानी तो इश्क होना है’ किसी दूसरी फिल्म की कॉपी है। इन अफवाहों पर अब फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी टिप्स म्यूजिक ने आधिकारिक बयान जारी कर सफाई दी है। बयान में कहा गया, ‘हमारी फिल्म ‘है जवानी तो इश्क होना है’ पूरी तरह ओरिजिनल कहानी और स्क्रीनप्ले पर आधारित है। इसका किसी दूसरी फिल्म से कोई लेना-देना नहीं है।’

### कब रिलीज होगी फिल्म?

मेकर्स ने आगे कहा कि उन्होंने इस फिल्म को बहुत प्यार और मेहनत से बनाया है और वे 5 जून को दर्शकों का सिनेमाघरों में स्वागत करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। यह बयान उस समय आया जब फिल्ममेकर वाशु भगनानी की कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट के साथ म्यूजिक और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स को लेकर कानूनी विवाद चर्चा में था।

फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी काफी बदलाव हुए। पहले फिल्म 5 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन यश की फिल्म ‘टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स’ की रिलीज डेट सामने आने के बाद इसे आगे बढ़ाकर 12 जून कर दिया गया था।

बाद में मेकर्स ने इसे 22 मई को रिलीज करने का फैसला लिया। हालांकि, 29 अप्रैल को वरुण धवन ने नया पोस्टर शेयर कर कन्फर्म किया कि फिल्म आखिरकार 5 जून 2026 को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में वरुण धवन एक बार फिर अपने मजेदार और रोमांटिक अंदाज में नजर आने वाले हैं, जिसे लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

## सचिन खेडेकर का भूमिका बना टेक्सट बुक स्टार

मुंबई यूनिवर्सिटी सिलेबस में एंट्री




**मुंबई** समकालीन भारतीय थिएटर के लिए ये एक ऐतिहासिक पल है। क्षितिज पटवर्धन का क्रिटिकली अक्लेम्ड प्ले भूमिका अब आधिकारिक तौर पर मुंबई यूनिवर्सिटी के बी.ए. कोर्स का हिस्सा बन चुका है। मतलब साफ है- ये नाटक अब सिर्फ स्टेज तक सीमित नहीं, बल्कि ‘मॉडर्न क्लासिक’ बनकर किताबों में भी जगह बना चुका है। आज के दौर में जहां पहचान और सोच के मुद्दे अक्सर टकराते हैं, वहीं भूमिका इंसानियत, तर्क और ईमानदारी जैसे मूल्यों को जोरदार तरीके से सामने लाता है। शायद यही वजह है कि मराठी बोर्ड ऑफ स्टडीज़ ने इसे सिलेबस में शामिल करने का फैसला लिया। इस नाटक की एक और खास बात – 21 साल बाद सचिन खेडेकर की दमदार स्टेज वापसी! और डायरेक्शन किया है दिग्गज चंद्रकांत कुलकर्णी ने। भूमिका एक एक्टर की जिंदगी के उस हिस्से में झांकता है जहां असलियत और परफॉर्मेंस के बीच की लाइन धुंधली हो जाती है – पूरा साइकोलॉजिकल रोलरकोस्टर! अकादमिक पहचान के अलावा भी भूमिका ने कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। इसे मास्टर दीनानाथ मंगेशकर सम्मान से नवाज़ा जा चुका है और ये नाटक अब तक 15 बड़े अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुका है।

इसकी लिटरेरी वैल्यू का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इसके बुक लॉन्च पर खुद जावेद अख्तर मौजूद थे। देश के कई बड़े नामों ने इस नाटक की जमकर तारीफ की है – प्रकाश आंबेडकर, जावेद अख्तर, परेश रावल, विकास दिव्यकीर्ति, आईपीएस मनोज कुमार शर्मा, आशुतोष गोवारीकर, कुमार केतकर, फिरोज अब्बास खान और कई नामचीन कलाकार व बुद्धिजीवी। आशुतोष गोवारीकर ने इसे ‘क्लासिक’ कहा, तो वहीं परेश रावल ने इसे आधुनिक मराठी थिएटर की ताकत का जीता-जागता सबूत बताया।

## भारत में एक्टर्स को अपने ही लोग बुरी तरह ट्रोल करते हैं, यह शर्मनाक है : अमीषा पटेल

**अभिनेत्री** अमीषा पटेल एक्टिंग के साथ ही कई मुद्दों पर भी खुलकर अपनी राय रखती नजर आती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सोशल मीडिया पर लोगों के ट्रोलिंग कल्चर पर तीखा हमला बोला। अमीषा का कहना है कि भारत में एक्टर्स को अपने ही लोग हॉलीवुड सितारों से ज्यादा बुरी तरह ट्रोल करते हैं, जो बेहद दुखद और शर्मनाक है। अमीषा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारतीय मानसिकता अब दूसरों को नीचे गिराने वाली हो गई है। अमीषा ने बड़े इवेंट्स में सितारों के लुक और पहनावे को लेकर फैल रही नकारात्मकता पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने इसे ‘दुखद’ और ‘शर्मनाक’ बताया।

अमीषा ने लिखा, ‘भारत में एक्टर्स को अपने ही लोग, हॉलीवुड सितारों की तुलना में उनके अपने देश में ज्यादा बुरी तरह ट्रोल करते हैं, जो बहुत दुख की बात है।’ हालांकि, ये कोई पहली बार नहीं है, जब अमीषा पटेल खुलकर अपनी बात रखती नजर आईं। इससे पहले वह एक्टर्स के पीआर गेम को लेकर पहले भी सुर्खियों में रह चुकी हैं। उन्होंने हाल ही में अपने एक्स पोस्ट पर कहा कि वे अपने बयान पर पूरी तरह कायम हैं। दरअसल, मुंबई में पैपराजी से बात करते हुए अमीषा ने कहा था, ‘सही तो कहा मैंने। आजकल सभी अपने आप को नंबर वन समझते हैं। ‘ अमीषा ने एक्स पोस्ट पर यंग एक्टर्स पर तंज कसते हुए लिखा था कि जिन्होंने अभी तक कोई 200 करोड़ क्लब की फिल्म नहीं दी है, वे पीआर टीम को पैसे देकर खुद को नंबर 1 और नंबर 2 बता रही हैं।

अमीषा ने साफ कहा, ‘खुद को सुपरस्टार तभी कहो, जब तुमने कोई ऐसा काम किया हो जो इतिहास रच दे। पीआर के खेल खेलना बंद करो। यह कड़वी सच्चाई है। ‘ उन्होंने लिखा कि कोई भी एक्टर ग्लोबल सुपरस्टार तभी बनता है, जब वह दुनिया भर में बड़ी हिट फिल्में दे। अमीषा ने अपनी उपलब्धियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ‘मैंने ‘कहो ना प्यार है’, ‘गदर 1’ और ‘गदर 2’ जैसी तीन सबसे बड़ी सोलो ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं।

## शिवालिका ओबेरॉय-अभिषेक पाठक ने रिवील किया बेटी का नाम, बताया ‘आरिका’ के रूप में घर आई लक्ष्मी





**अभिनेत्री** शिवालिका ओबेरॉय और उनके पति फिल्म निर्माता अभिषेक पाठक इन दिनों बेटी के घर आगमन की खुशियां मना रहे हैं। मंगलवार को कपल ने सोशल मीडिया के जरिए बेटी के नाम की जानकारी दी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इनमें शिवालिका और उनके पति अभिषेक पाठक बेटी को गोद में थामे नजर आ रहे हैं। माता-पिता बनने की खुशी दोनों के चेहरे पर साफ देखी जा सकती है। शिवालिका ने तस्वीरें पोस्ट कर लिखा, ‘हमारी जिंदगी की सबसे प्यारी खुशी से मिलिए, जिसका नाम है ‘आरिका पाठक’। आरिका नाम का मतलब बेहद खास है। इस नाम में साक्षात माता लक्ष्मी का आशीर्वाद छिपा हुआ है, जो दुनिया में प्यार, खुशहाली, समृद्धि और सुंदरता की प्रतीक मानी जाती हैं। ‘अभिनेत्री ने बताया कि उनकी बेटी का जन्म इसी साल 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन दिन पर हुआ था। अभिनेत्री ने बेटी को ईश्वर का आशीर्वाद बताते हुए लिखा, ‘अक्षय तृतीया के पवित्र दिन आरिका हमारी जिंदगी में आई।

## नीतू कपूर के कमबैक से खुद को जोड़ पाती हूं, महिलाओं को मिलनी चाहिए ऐसी हिम्मत : रुबीना दिलैक



अभिनेत्री रुबीना दिलैक कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती नजर आती हैं। नीतू कपूर की फिल्मों में वापसी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वह एक महिला, मां और कामकाजी व्यक्ति के रूप में नीतू कपूर की इस यात्रा से खुद को गहराई से जोड़ पाती हैं। रुबीना ने बातचीत में नीतू कपूर की हिम्मत और साहस की सराहना की। उन्होंने बताया, ‘मैं नीतू कपूर से पूरी तरह से खुद को जोड़ पाती हूं। बेशक, वह सुंदरता और ताकत की मिसाल हैं और हमने सालों से यह देखा है।’ नीतू कपूर ने पति ऋषि कपूर के निधन के बाद दशकों बाद फिल्म इंडस्ट्री में वापसी की है। रुबीना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिलाओं को ठीक इसी तरह आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, ‘महिलाओं को बिल्कुल इसी तरह आगे आना चाहिए, एक मिसाल कायम करनी चाहिए और उन दूसरी महिलाओं के लिए रास्ता बनाना चाहिए जिन्हें अभी भी इस बात का भरोसा नहीं है कि मां बनने के बाद या जीवन में आए बदलाव के बाद उन्हें काम पर वापस लौटना चाहिए या नहीं। रुबीना ने नीतू कपूर की उस बात का भी जिक्र किया जिसमें नीतू ने कहा था कि उनकी वापसी सिर्फ काम के लिए नहीं बल्कि यह देखने के लिए भी थी कि इतने सालों बाद भी कैमरे के सामने आत्मविश्वास और हिम्मत बाकी है या नहीं। रुबीना इसे बेहद प्रेरणादायक मानती हैं। रुबीना ने अपने पति अभिनव शुक्ला की भी तारीफ की। उन्होंने बताया कि अभिनव घर पर रहकर बच्चों की देखभाल कर रहे हैं ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सकें। रुबीना ने कहा, ‘एक पुरुष के लिए अपने ईगो को किनारे रखकर यह कहना कि ‘मैं घर पर रहूंगा, तुम जाओ और अपने सपनों को पूरा करो’ इसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। अभिनव जानते हैं कि मैं अपने काम से कितना प्यार करती हूं। ‘

## टी20 विश्व कप की तैयारी में न्यूजीलैंड को मिली मजबूती, इंग्लैंड के खिलाफ डिवाइन ने दिखाया दम

एजेंसी



**नई दिल्ली :** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने कैंटरबरी में खेले गए दूसरे टी20 मैच में इंग्लैंड को 14 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में बराबर कर ली। न्यूजीलैंड की इस जीत में दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन ने निर्णायक भूमिका निभाई। 36 वर्षीय स्टार खिलाड़ी ने 57 गेंदों में 87 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर था। आईसीसी के अनुसार पहले टी20 मैच में सात विकेट से हार के बाद मिली यह जीत महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों को बढ़ावा देगी। यह टूर्नामेंट इंग्लैंड में खेला जा रहा है। ऐसे में यह जीत टीम को अतिरिक्त आत्मविश्वास प्रदान करेगी। वहीं, डिवाइन का फॉर्म में होना महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि न्यूजीलैंड की इस दिग्गज खिलाड़ी ने विश्व कप खत्म होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। वह अपने करियर के अंत में दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीतना चाहेंगी। दूसरे टी20 मुकाबले में डिवाइन ने मैडी ग्रीन (56 रन नाबाद) के साथ 159 रनों की साझेदारी करके न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 170 रन तक पहुंचाया। इसके जवाब में इंग्लैंड महिला टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 156 रन ही बना सकी और मुकाबला 14 रनों से हार गई। दोनों टीमों के बीच तीसरा टी20 मैच 25 मई को खेला जाएगा। वहीं महिला टी20 विश्व कप की बात करें तो इसकी शुरूआत 12 जून से हो रही है। न्यूजीलैंड 13 जून को साउथेम्प्टन में अपने पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगी।

## आईपीएल 2026 : पंजाब ने लखनऊ को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें रखीं जिंदा, अय्यर ने जड़ा पहला आईपीएल शतक

एजेंसी





**लखनऊ :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ की दौड़ में खुद को मजबूती से बनाए रखा है। इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पंजाब ने दमदार बल्लेबाजी के दम पर 197 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 196 रन बनाए। टीम के लिए जोश इंग्लिस ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 72 रन बनाए और मध्यक्रम में आयुष बडोनी ने तेज बल्लेबाजी करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंतिम ओवरों में अब्दुल समद ने तेज रन जुटाकर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि लखनऊ की शुरूआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। पंजाब के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा। युजवेंद्र चहल और मार्को यानसन ने दो-दो विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़े स्कोर की ओर बढ़ने से रोका। 197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। प्रभसिमरन सिंह ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए टीम को तेज शुरूआत दिलाई और अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने मोर्चा संभालते हुए जिम्मेदारी के साथ खेल को आगे बढ़ाया। अय्यर ने अपनी पारी के दौरान बेहतरीन शॉट्स लगाए और अंत तक नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाई। उन्होंने छक्का लगाकर अपना पहला आईपीएल शतक पूरा किया, जो उनकी टी-20 करियर की सबसे यादगार पारियों में शामिल हो गया। उनकी यह कप्तानी पारी पंजाब के लिए बेहद अहम साबित हुई। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स के अंक बढ़ गए हैं और टीम की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स को इस हार से बड़ा झटका लगा है और उसकी राह अब पहले से अधिक कठिन हो गई है।

## मुख्यमंत्री धामी ने नव निर्मित आनंद धर्मशाला ट्रस्ट का किया लोकार्पण

# सनातन संस्कृति और सेवा भावना का केंद्र बनेगी आनंद धर्मशाला : धामी

एजेंसी

**हरिद्वार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में श्री आनंद धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा निर्मित नई धर्मशाला का रविवार को लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षत्रिय कलौता समाज ने अपने परिश्रम, साहस और संस्कारों के बल पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि खेती, व्यापार, शिक्षा, समाज सेवा और देश की सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में समाज के लोगों ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और अन्य सुरक्षा बलों में सेवाएं देकर समाज के वीर सपूत राष्ट्र की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत



बना रहे हैं। उन्होंने श्री आनंद धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा धार्मिक जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण और मानव कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह धर्मशाला सेवा, समर्पण और परोपकार का सजीव उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार भारत की आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का प्रवेश द्वार है, जहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु माँ गंगा की गोद में आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धर्मशाला का निर्माण पुण्य और सराहनीय कार्य है, जो आगामी कुंभ और चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले हरिद्वार कुंभ को भव्य, दिव्य और सुरक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि घाटों के पुनरुद्धार, सड़क व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात और मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु तेजी से कार्य किए जा रहे हैं, ताकि हर श्रद्धालु को सुव्यवस्थित और सुरक्षित अनुभव मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति को मिली वैश्विक पहचान का उल्लेख करते हुए काशी विश्वनाथ कोरिडोर, केदारनाथ-बद्रीनाथ मंदिर सहित कई धार्मिक परियोजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में केदारखंड एवं मानसखंड क्षेत्रों के प्राचीन मंदिरों के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान, सनातन मूल्यों और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू किए जाने को सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम में हरिचेतनानंद महाराज, मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विनय रोहिला, विशाल पटेल, संतोष पटेल, आशाराम सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भूल्लर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए ट्रस्टी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## उप्र का मौसम : भीषण गर्मी व लू की चपेट में प्रदेश , 24 जिलों में आंधी बारिश की संभावना

54 जिलों में लू का अलर्ट, इनमें से 10 जिलों में मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मौसम में तपिश बढ़ती जा रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने आमजन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर रखा है। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 54 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है और इनमें से 10 जिलों के लिए रेड अलर्ट है। कई जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी भी दी गई है। स्थिति यह है कि सामान्य दिनों के मुकाबले सड़कों पर चहल पहल कम है और अधिकांश समय सन्नाटे जैसी स्थिति बनी रहती है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में मामूली उतार चढ़ाव की संभावना जतायी है। उत्तर प्रदेश के लोगों को आज भी लू और गर्मी से राहत मिलने के आसार दिखते नजर नहीं आ रहे हैं। रविवार को सुबह से ही गर्म हवाएं चल रही हैं और तेज धूप से लोग बेहाल हो रहे हैं। तापमान बढ़ता जा रहा है। शनिवार को प्रदेश का सबसे गर्म जिला एक बार फिर बांदा दर्ज हुआ था , जहां का अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दूसरे नंबर पर रहे प्रयागराज में 46 और झांसी में 44.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। आज 24 मई को भी तापमान की स्थिति में खास बदलाव नजर नहीं आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मध्य असम में एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है, जिसके प्रभाव से दिल्ली से सटे जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 54 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। इनमें 10 जिलों में रेड अलर्ट है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मौसम में फिलहाल उतार चढ़ाव जारी रहेगा।

**10 जिलों में रेड अलर्ट**

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर एवं आसपास के क्षेत्र।

**23 जिलों में ऑरेंज अलर्ट**

सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के क्षेत्र।

**21 जिलों में येलो अलर्ट**

आजमगढ़, मऊ, बलिया, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज एवं आसपास के क्षेत्र।

## दंतेवाड़ा में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर बने सीख और आत्मविश्वास का केंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में वंचित समुदायों के बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 25 दिवसीय 20 ग्रीष्मकालीन शिविरों की शुरूआत की गई है। इन शिविरों का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों के दौरान शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों और खेलकूद से जोड़कर उनके व्यक्तित्व और कौशल का विकास करना है। इस्पात मंत्रालय के अनुसार, यह विशेष पहल 20 मई से 15 जून-2026 तक राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) द्वारा शिक्षा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्यरत संगठन डब्ल्यूओएससी के सहयोग से संचालित की जा रही है। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को सकारात्मक और रचनात्मक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मविश्वास और नई सीख के



साथ आगे बढ़ सकें। इस अभियान के तहत लगभग 1700 बच्चों को अनुभवात्मक शिक्षा, कला, संगीत, हस्तशिल्प और खेल गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकांश गांवों में शिविर शुरू हो चुके हैं, जबकि बच्चों की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए अतिरिक्त बैच शुरू करने की तैयारी भी की जा रही है। वर्तमान में प्रत्येक गांव में प्रतिदिन 30 से 40 बच्चे शिविरों में भाग ले रहे हैं। बच्चे प्रतिदिन तीन से चार घंटे तक विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं। इन गतिविधियों में पढ़ाई के साथ-साथ हस्तशिल्प निर्माण, चित्रकला, संगीत कार्यशालाएं और रचनात्मक अभ्यास शामिल हैं। इसके बाद बच्चे फ्रिसबी, कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों में भाग लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहते हैं। दिन के अंत में बच्चों को पौष्टिक और स्वस्थ जलपान भी उपलब्ध कराया जाता है। शिविरों के माध्यम से बच्चों में टीमवर्क, अनुशासन, संवाद क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजकों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के भीतर आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं।

## अमेरिकी विदेशमंत्री कल आगरा में करेंगे ताजमहल का दीदार

एजेंसी

**आगरा :** अमेरिकी विदेशमंत्री मार्को रूबियो सोमवार को ताजमहल का दीदार करेंगे। वह सोमवार को विशेष वायुयान से आगरा पहुंचेंगे। रूबियो भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात कर चुके हैं।

अमेरिकी विदेशमंत्री का भारत दौरा पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव एवं वैश्विक घटनाक्रमों के बीच महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया गया है कि रूबियो सोमवार को वायुसेना के खेरिया स्थिति एयरपोर्ट पर सुबह करीब 9:30 बजे पहुंचेंगे। इसके बाद सीधे यहां से ताजमहल जाएंगे।ताजमहल में सुबह करीब 10:05 बजे से 11:05 बजे तक उनके रुकने का कार्यक्रम है। अमेरिकी विदेश मंत्री का काफिला खेरिया एयरपोर्ट से शिल्पग्राम



पहुंचेगा। शिल्पग्राम से बैटरी चलित गोल्फ कार्ट मैं बैठकर वह ताजमहल के पूर्वी गेट पहुंचेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री के आगरा भ्रमण के मद्देनजर केंद्रीय एवं प्रांतीय खुफिया एजेंसी सतर्क हैं। ताजमहल के आसपास के होटलों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अमेरिका की एडवांस सुरक्षा टीम ने शनिवार को खेरिया एयरपोर्ट से लेकर ताजमहल तक सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और आगरा के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से सुरक्षा के संबंध बातचीत की। अमेरिकी विदेश मंत्री के ताजमहल भ्रमण के दौरान आम पर्यटकों के लिए ताजमहल खुला रहेगा। उल्लेखनीय है कि किसी राष्ट्रध्यक्ष के ताजमहल भ्रमण के दौरान ही ताजमहल आम पर्यटकों के लिए बंद रहता है। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी अमेरिकी विदेशमंत्री के प्रस्तावित आगरा दौरे को लेकर मुस्तैद है। अमेरिकी विदेशमंत्री आगरा से जयपुर जाएंगे। इसके अलावा अमेरिकी विदेशमंत्री का कोई अन्य कार्यक्रम सामने नहीं आया है लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर एक पांच सितारा होटल में अल्प विश्राम की व्यवस्था की गई है। डीसीपी आगरा सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि अमेरिकी विदेशमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के आगरा सर्किल की अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. स्मिता कुमार ने बताया कि अभी तक अमेरिकी विदेशमंत्री के विजिट को लेकर ताजमहल को आम दर्शकों के लिए बंद किए जाने संबंधी कोई निर्देश नहीं है। इसलिए ताजमहल सोमवार को सामान्य तौर पर खुला रहेगा।

## एक करोड़ की चोरी का पदार्फाश, चोर गिरफ्तार, लाखों के गहने और नकदी बरामद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दक्षिणी जिला पुलिस और ग्रेटर कैलाश थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ रुपये की हाई-प्रोफाइल चोरी की वारदात का 48 घंटे के भीतर पदार्फाश कर दिया। पुलिस ने मामले में आदतन चोरी की वारदातों में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में सोने, हीरे, चांदी के आभूषण और 3.57 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि तकनीकी निगरानी, स्थानीय सूचना तंत्र और सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले का खुलासा किया गया।

दक्षिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने रविवार को बताया कि 20 मई को ग्रेटर कैलाश थाना क्षेत्र के पंपोश एन्क्लेव स्थित एक मकान में बड़ी चोरी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि दिन में घर बंद था। रात को लौटने पर घर के ताले टूटे मिले और घर से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के सोने, हीरे और चांदी के गहनों के अलावा 6.50 लाख रुपये नकद चोरी मिले। मामले में ग्रेटर कैलाश थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। चोरी की गंभीरता को देखते हुए दक्षिण जिला स्पेशल स्टाफ और ग्रेटर कैलाश थाना पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। स्पेशल स्टाफ की टीम इंस्पेक्टर अनुज कुमार के नेतृत्व में बनाई गई, जबकि ग्रेटर कैलाश थाने की टीम का नेतृत्व एसएचओ इंस्पेक्टर भानु प्रताप ने किया। दोनों टीमों ने स्थानीय खुफिया जानकारी, तकनीकी सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया।

## केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 25 मई को मिजोरम में 32.15 करोड़ की मत्स्य परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह 25 मई को मिजोरम में 32.15 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण मत्स्य पालन परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में आधुनिक, टिकाऊ और आत्मनिर्भर मत्स्य पालन व्यवस्था को बढ़ावा देना है। मत्स्य पालन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय के अनुसार आइजोल में ह्लक्षेत्रीय समीक्षा बैठक : पूर्वोत्तर क्षेत्र-2026ह्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान मंत्री राजीव रंजन सिंह मंत्री ₹प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना₹ (पीएमएमएसवाई) और मत्स्य एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष (एफआईडीएफ) के तहत विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल पूर्वोत्तर राज्यों में मत्स्य पालन क्षेत्र को सशक्त बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा आजीविका के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री क्षेत्र के मत्स्य पालन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। इनमें मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), सर्वश्रेष्ठ मत्स्य पालन स्टार्टअप तथा उत्कृष्ट मत्स्य सहकारी समितियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल तथा जॉर्ज कुरियन भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभागों के मंत्री, विभागीय सचिव और केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना है। साथ ही किसानों के कल्याण, सतत क्षेत्रीय विकास और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के लिए भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं और पहलों का शुभारंभ भी किया जाएगा। इनमें बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों (एमडीसीएस) के विस्तार के लिए ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण की शुरूआत, अफ्रीकी स्वाइन फीवर जागरूकता फिल्म का विमोचन, ह्लसूअर पालन में अच्छी पशुपालन पद्धतियाँह्व पुस्तिका का लोकार्पण तथा मिजोरम मिल्क प्रोड्यूसर्स कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड द्वारा ह्यमुलकोह्ण गाय के घी की लॉन्चिंग शामिल है। इसके अतिरिक्त ह्लमिजो कैफेह्व का उद्घाटन, एफपीओ कार्यालय-सह-बिक्री आउटलेट का शुभारंभ और विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला का अनावरण भी किया जाएगा। बैठक में उत्पादन बढ़ाने, मूल्य श्रृंखला की कमियों को दूर करने, बाजार संपर्क मजबूत करने और निर्यात को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विशेष चर्चा होगी। केंद्र सरकार का मानना है कि इन पहलों से पूर्वोत्तर क्षेत्र में मत्स्य पालन और पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी तथा किसानों, उद्यमियों और सहकारी समितियों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### वीकेंड पर हरिद्वार में भारी ट्रैफिक, पुलिस अलर्ट मोड पर

**हरिद्वार :** वीकेंड के दौरान बढ़ती भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई, ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराया जा सके। वहीं भीड़ के कारण बनी जाम की स्थिति और भीषण गर्मी के चलते लोग हलकान रहे। उल्लेखनीय है कि वीकेंड के दौरान हरिद्वार में भारी भीड़ उमड़ती है। वहीं वीकेंड के बाद गंगा दशहरा होने के कारण भीड़ का दबाव और बढ़ गया। अधिमास होने के कारण भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात रविवार को स्वयं ग्राउंड जीरो पर उतरे और शहर के प्रमुख मार्गों व चौराहों का निरीक्षण करते हुए यातायात संचालन की कमान संभाली। यातायात पुलिस द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। वीकेंड और धार्मिक गतिविधियों के चलते शहर में भारी भीड़ उमड़ी, जिससे कई प्रमुख मार्गों पर लंबा जाम लग गया। पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभालने में लगातार जुटे रहे, लेकिन भीषण गर्मी और जाम के कारण स्थानीय लोगों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घंटों तक वाहनों के जाम में फंसे लोग गर्मी से बेहाल नजर आए। पुलिस ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम यातायात उनकी प्राथमिकता है तथा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### मुख्यमंत्री धामी ने मनोज जखमोला के आवास पहुंचकर जताया शोक

**हरिद्वार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिपुर कलां पहुंचकर पूर्व भाजयुमो प्रदेश महामंत्री मनोज जखमोला के आवास पर उनकी पुत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि किसी भी परिवार के लिए संतान को खोने का दुःख अत्यंत असहनीय और पीड़ादायक होता है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा प्रदेश परिवार के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से उन्हें यह दुख सहन करने की शक्ति देने की कामना की। उन्होंने कहा कि दिवंगत आत्मा की स्मृतियां सदैव परिवार के साथ रहेंगी और परिवार को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहेंगी। मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने भी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव भट्ट, पार्षद आकाश भाटी, राजेश लखेड़ा, मधुकर शर्मा तथा सत्य प्रकाश जखमोला सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अन्नपूर्णा योजना के लिए गांव-गांव भाजपा का शिविर

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मयना ब्लॉक में भाजपा युवा मोर्चा ने गांव-गांव शिविर लगाकर महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना से जोड़ने की पहल शुरू की है। तिलखोजा, गोजिना समेत कई बूथों पर कार्यकर्ता यह जांच कर रहे हैं कि महिलाओं के बैंक खाते डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) से लिंक हैं या नहीं। शिविरों में महिलाएं आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर पहुंच रही हैं। कार्यकर्ता ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए डीबीटी स्टेटस की जांच कर रहे हैं। कई मामलों में कुछ ही मिनटों में लिंक पूरा हो जा रहा है, जबकि कुछ महिलाओं के आधार से मोबाइल नंबर जुड़े नहीं होने की समस्या सामने आ रही है। ऐसे लोगों को बैंक जाकर मोबाइल नंबर अपडेट कराने की सलाह दी जा रही है। भाजपा युवा मोर्चा का कहना है कि कई महिलाओं को डीबीटी प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी। इसी वजह से 20 मई से 30 मई तक अलग-अलग इलाकों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। संगठन के अनुसार, बुजुर्ग और घर से बाहर नहीं निकल पाने वाली महिलाओं को फोन पर भी पूरी जानकारी दी जा रही है। रविवार तमलुक संगठनात्मक जिला युवा मोर्चा के महासचिव प्रशांत दास ने कहा कि कई महिलाएं केवल इतना जानती थीं कि डीबीटी लिंक कराना जरूरी है, लेकिन प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी। इसलिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर सहायता कर रहे हैं। स्थानीय निवासी रानी महतो और सीमा बारुई ने बताया कि उन्होंने खबरों में डीबीटी लिंक की बात सुनी थी, लेकिन तरीका नहीं जानती थीं। शिविर में आकर प्रक्रिया पूरी होने से उन्हें काफी सुविधा मिली। भाजपा नेताओं का दावा है कि पहले कई महिलाओं की लक्ष्मी भंडार योजना बंद हो गई थी, जिसे आंदोलन और ज्ञापन के बाद फिर शुरू कराया गया। अब अन्नपूर्णा योजना में कोई महिला लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### कोलकाता में तीन जगहों पर चला अवैध निर्माण बुलडोजर

**कोलकाता :** कोलकाता में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने रविवार सुबह अभियान शुरू किया। तिलजला, बेलेघाटा और कसबा इलाके में अवैध रूप से बने बहुमंजिली इमारतों को तोड़ने के लिए बुलडोजर चलाया गया। मौके पर पुलिस, कोलकाता नगर निगम के कर्मचारी और केंद्रीय बल के जवान तैनात रहे। बेलेघाटा के 34 नंबर वार्ड स्थित ईस्ट कुलिया रोड में एक पांच मंजिला इमारत को तोड़ने का काम शुरू किया गया। सफेद रंग की इस आलीशान इमारत को देखकर महल जैसा अहसास होता है, लेकिन आरोप है कि पूरा निर्माण अवैध तरीके से किया गया था। इस इमारत का नाम राजू नस्कर से जुड़ने का भी आरोप सामने आया है। भवन गिराने के काम में करीब 80 लोगों की टीम लगाई गई है। मौके पर केंद्रीय बल और बेलेघाटा थाने की पुलिस मौजूद रही। वहीं, तिलजला के जी. जे. खान रोड में भी सात मंजिला अवैध निर्माण को गिराने का काम शुरू हुआ। नगर निगम पहले ही इस भवन को लेकर नोटिस जारी कर चुका था। प्रशासन का कहना है कि निर्माण नियमों का उल्लंघन कर यह इमारत बनाई गई थी। कसबा के बी. बी. चटर्जी स्ट्रीट में भी बुलडोजर कार्रवाई जारी रही। आरोप है कि अवैध निर्माण को लेकर सुनवाई के लिए नोटिस दिए जाने के बावजूद आरोपित पक्ष उपस्थित नहीं हुआ। भवन पर अब भी नोटिस चिपका हुआ है। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर इलाके में भारी हलचल देखी गई। सुरक्षा के मद्देनजर कई जगह बैरिकेडिंग भी की गई है।

### असम के पलाशबाड़ी में भीषण सड़क हादसा, चार बाइक सवारों की मौत

**कामरूप (असम) :** पलाशबाड़ी के बाजारापारा इलाके में शनिवार रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार बाइक सवारों की मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर ही तीन युवकों ने दम तोड़ दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक अन्य युवक को उपचार के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए।

# जामताड़ा पुलिस ने 5 साइबर अपराधियों को दबोचा, बैंक अधिकारी बनकर करते थे ठगी

**संवाददाता**



**जामताड़ाः** साइबर अपराध पर लगातार शिकंजा कस रही जामताड़ा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी शंभु कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि साइबर थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में छापेमारी कर करमाटांड़ और नारायणपुर थाना क्षेत्र से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

मट्टांड़ गांव में रंगे हाथ पकड़े गए आरोपी :प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि करमाटांड़ थाना क्षेत्र के गांव मट्टांड़ स्थित विष्णु मंडल के घर पर छापेमारी के दौरान दो अपराधियों को साइबर ठगी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। वहीं सियाटॉड और झिलुवा जंगल क्षेत्र से एक अन्य आरोपी को पकड़ा गया। दूसरी ओर नारायणपुर थाना क्षेत्र के लोकनियां गांव में किशोर दास के घर पर छापेमारी कर दो अन्य साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

**आरोपियों की पहचान :** गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु मंडल, सचिन मंडल, सागर नायक, किशोर दास और विश्वजीत दास शामिल हैं। विश्वजीत दास मूल रूप से पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर का निवासी है, जो वर्तमान में लोकनियां गांव में रह रहा था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 मोबाइल फोन, 14 सिम कार्ड, 4 एटीएम कार्ड, 2 लैपटॉप और 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

**बैंक अधिकारी बनकर करते थे ठगी :** एसपी ने कहा कि बरामद सामान के आधार पर पुलिस को बड़े साइबर नेटवर्क के संचालन की आशंका है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों को क्रेडिट और डेबिट कार्ड बंद होने का झांसा देते थे। इसके बाद वे लोगों से बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल कर फोनपे और गूगल पे के माध्यम से ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। इसके अलावा बिजली विभाग का अधिकारी बनकर बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने की धमकी देकर भी लोगों को ठगते थे। इस मामले में साइबर अपराध थाना में कांड संख्या 29/26 एवं 30/26 दर्ज किया गया है। कहा कि गिरफ्तार अपराधियों का नेटवर्क देश के विभिन्न राज्यों तक फैला हुआ है। वहीं आरोपी सागर नायक और किशोर दास पूर्व के साइबर अपराध मामलों में भी आरोप पत्रित रह चुके हैं।

## ईद-उल-जुहा (बकरीद) को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

### सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी के निर्देश




**संवाददाता**

**चतराः** ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी रवि आनंद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि ईद-उल-जुहा आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति का पर्व है। सभी लोग आपसी समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक आयोजित करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया।उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि मांस, मछली एवं मुर्गा विक्रेताओं द्वारा अपशिष्ट सामग्री का निष्पादन निर्धारित स्थलों पर ही किया जाए। सार्वजनिक स्थलों, सड़कों अथवा नालियों में अपशिष्ट फेंके जाने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि कई बार अपशिष्ट सामग्री को जानवर इधर-उधर ले जाते हैं, जिससे अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे मामलों में लापरवाही बरतने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने कहा कि पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापन किसी भी भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक सामग्री को साझा अथवा फॉरवर्ड करना दंडनीय कृत्य की श्रेणी में आ सकता है। आमजन किसी भी संदिग्ध अथवा आपत्तिजनक पोस्ट की सूचना तत्काल स्थानीय थाना अथवा प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पर्व के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्ती के साथ-साथ आवश्यकतानुसार ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को सतत निगरानी एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।बैठक में जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा सन्नी वर्धा, डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिले की महत्वपूर्ण सड़क एवं बाईपास परियोजनाओं में तेजी लाने का निर्देश

**संवाददाता**



**चतराः** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी रवि आनंद की अध्यक्षता में पथ निर्माण विभाग से संबंधित स्वीकृत एवं प्रगतिशील योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से भू-अर्जन, भारतमाला परियोजना, वन भूमि अपयोजन, यूटिलिटी शिफ्टिंग, भू-अर्जन राशि हस्तांतरण एवं अन्य लंबित मामलों की बिंदुवार समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न सड़क एवं बाईपास निर्माण योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा सभी संबंधित विभाग समयबद्ध एवं समन्वित तरीके से कार्य करें।उपायुक्त ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अंतर्गत भारतमाला परियोजना, एनएच-99 चतरा बाईपास सड़क निर्माण, राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-100 (नया 522) सिमरिया बाईपास निर्माण, पतरातु-हेन्देगीर-मैक्लुस्कीगंज पथ निर्माण, टण्डवा (एमडीआर-72) सोपारम-बारियातु (एनएच-99) चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, घंघरी से कौलेश्वरी पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण तथा धमनिया से शेरेगढ़ा पथ चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया।उन्होंने भू-अर्जन एवं वन भूमि अपयोजन से संबंधित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने, यूटिलिटी शिफ्टिंग से जुड़ी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही भू-अर्जन की राशि हस्तांतरण से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद, भारत माला परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, सभी संबंधित अंचल अधिकारी, विभागीय पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

### हंटरगंज और जोरी में नो एंट्री का समय बदला

## सुबह 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

### नियम तोड़ने वालों पर कसेगा शिकंजा




**चतराः** चतरा अनुमंडल पदाधिकारी मो जहूर आलम ने हंटरगंज प्रखंड के हंटरगंज और जोरी में नो-एंट्री के समय में बदलाव कर दिया है। अब नो-एंट्री सुबह के वक्त 7 बजे से लेकर देर शाम 8 बजे तक रहेगी। पहले यह सुबह 5 बजे से देर शाम 8 बजे तक थी। बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर बीते सोमवार को जिला प्रशासन, वाहन मालिकों, व्यापारियों, समाजसेवी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई थी। जिसके बाद शनिवार को एसडीओ जहूर आलम नो-एंट्री के समय में हुए संशोधन को मंजूरी दी। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया की स्कूल में ग्रीष्म अवकाश हो जाने के कारण नो एंट्री का समय बदला गया है। यह नो एंट्री की पालन हेतु हंटरगंज थाना क्षेत्र के सोहाद और जोरी थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। शनिवार से नियमों का उल्लंघन करने वाले भारी मालवाहक चालकों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

## जहरीले सांप के डंसने से महिला गंभीर, भर्ती

**पश्चिमी सिंहभूमः** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत नोवामुंडी बस्ती पंचायत के गुंडी जोड़ा गांव के टोला जोटो साई निवासी बेलमती हेम्बरम (27 वर्ष), पति रोशन हेम्बरम को देर रात जहरीले सांप ने काट ली। घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। सांप के डंसने के बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ने लगी, जिससे परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। तेज दर्द और बेचैनी के बाद अस्पताल में कराया गया भर्तीः जानकारी के अनुसार बेलमती घर के आसपास किसी कार्य में लगी हुई थी, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उनके बाएं पैर में काट लिया। शुरूआत में परिजन कुछ समझ नहीं पाए, लेकिन थोड़ी ही देर में महिला को तेज दर्द, घबराहट और शरीर में बेचैनी महसूस होने लगी। इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों की मदद से तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# चोरी की बाइक के साथ दो युवक धराए

### नाटकीय ढंग से मयूरहंड से हुई गिरफ्तारी



**चतराः** जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मयूरहंड थाना क्षेत्र निवासी हर्ष कुमार विश्वकर्मा व श्याम कुमार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी राहुल दुबे ने बताया कि देर रात थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित विद्यालय बेलखोरी इलाके में सशस्त्र बल और थाना के अन्य अधिकारियों के साथ वे गश्ती अभियान चला रहे थे। इसी दौरान रात के अंधेरे में सुनसान स्थान पर दो युवक एक मोटरसाइकिल के साथ बैठे नजर आए। संदिग्ध परिस्थिति को देखते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवकों से पूछताछ करने लगी। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख दोनों युवक अचानक तालाब की ओर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों का पीछा किया और कुछ दूरी पर पकड़ लिया। पुलिस को दोनों युवकों की गतिविधियां संदिग्ध लगी, जिसके बाद उनसे सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों युवक पहले गोलमोल जवाब देते रहे। तलाशी लेने पर उनके पास से लाल एवं काले रंग की मोटरसाइकिल बरामद की गई। जब पुलिस ने वाहन के कागजात की मांग की तो दोनों कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। बाद में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे उक्त मोटरसाइकिल को हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला इलाके से चोरी कर ला रहे थे। थाना प्रभारी राहुल दुबे ने बताया कि दोनों आरोपियों को विधिवत हिरासत में लेकर थाना लाया गया, जहां उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। बाद में दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं बरामद मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी नें कहा कि क्षेत्र में लगातार गश्ती और वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अपराध और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने आम लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियान में एसआई कुशो महतो, एएसआई पुनीत कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये आवश्यक निर्देश



**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिला के डीसी नितिश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त रीना हांसदा, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला अभिनव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, यातायात निरीक्षक, मोटरयान निरीक्षक सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अप्रैल में 20 सड़क हादसे, 14 लोगों की मौत : बैठक की शुरूआत में पूर्ववर्ती निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इस क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अप्रैल 2026 में जिले में कुल 20 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 14 व्यक्तियों की मृत्यु और 19 व्यक्ति घायल हुए। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 31,94,250 की जुर्माना राशि वसूल की गई। समीक्षा क्रम में डीसी द्वारा सभी दुर्घटना संभावित जगहों (ब्लैक स्पॉट) पर चेतावनी साइनेज बोर्ड, रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, जिग-जैग बैरिकेडिंग, टर्निंग प्वाइंट संकेतक, जेबरा क्रॉसिंग और स्ट्रीट लाइट की स्थापना करने का निर्देश दिया गया।

राजनगर और एनएच-220 पर विशेष फोकस : डीसी ने सभी नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर अनावश्यक और अवैध रूप से बनाए गए कटिंग (कट पॉइंट) को पूरी तरह से बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही ऐसे स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और अवैध रूप से अनावश्यक सड़कों पर कटिंग बनाने में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में राजनगर क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए ठल्ल-220 के कार्यपालक अभियंता को विशेष कार्य योजना तैयार कर सड़क दुर्घटना नियंत्रण के लिए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सड़क किनारे अतिक्रमण कर संचालित दुकानों को हटाने, चिन्हित स्थलों पर आवश्यक साइनेज बोर्ड, रंबल स्ट्रिप, स्ट्रीट लाइट और अन्य सुरक्षा उपकरण लगाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा एनएच-32 और एनएच-33 के कार्यपालक अभियंताओं को भी सड़क सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चिन्हित स्थलों पर साइनेज बोर्ड, रंबल स्ट्रिप और स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश दिया गया।

अवैध पार्किंग पर होगी कार्रवाई : बैठक में चौका-खूंटी-बंसा रोड में बने गड्ढों को दुरुस्त करने का निर्देश खअफ्छ्छ को दिया गया। साथ ही निमार्णाधीन सड़कों और पुलिया कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंताओं और एजेंसियों को दिया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि चौका, कांड्रा और आदित्यपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध रूप से बड़े वाहनों की पार्किंग की जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जरूरी निरीक्षण अभियान चलाकर अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

गम्हरिया-आदित्यपुर में बड़े वाहनों की नो एंट्री पर विचार : यातायात निरीक्षक द्वारा गम्हरिया-आदित्यपुर क्षेत्र में संध्या समय बाजार और यातायात दबाव को देखते हुए बड़े वाहनों के प्रवेश परनो एंट्री लागू करने के प्रस्ताव पर बिंदुवार चर्चा की गई। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा विशेष कार्य योजना तैयार कर ट्रायल आधार पर व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यातायात परिचालन, पार्किंग व्यवस्था और आमजनों के आवागमन पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा विशेष टीम गठित कर परीक्षण किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि आम नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी लाई जा सके। परीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर आगामी बैठक में प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**ओवरलोडिंग पर सख्ती :** बैठक में डीसी और पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित विभागों को नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्कूलों, बाजार क्षेत्रों और भीड़-भाड़ वाले जगहों के पास विशेष यातायात प्रबंधन व्यवस्था लागू करने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जन-जागरूकता अभियान संचालित करने पर बल दिया गया।

## वन भूमि पर अवैध कब्जे का चल रहा खेल, धड़ल्ले से बन रहे मकान



**चतराः**जिले के हंटरगंज वन प्रक्षेत्र में दंतार पंचायत के लेढ़ों के ख्वाबार (रुद्दी जंगल डाहा) स्थित वन विभाग के भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है, पर वन विभाग मौन है। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मियों को कई बार सूचना दिया गया, बाबजूद कोई भी कर्मी इसपर ध्यान नहीं दिए। ना ही अभी तक वहां कोई वन कर्मी पहुंचे, अभी तक कोई कार्रवाई भी नहीं हुई है।इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों में विरोध देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मियों के जमीन में कब्जे का मिलीभगत का भी आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि कई बार कॉल करने के बाद भी वन विभाग के सिपाही स्थल पर नहीं पहुंचे। इससे संदेह जाहिर होता है उनका साठगांठ अतिक्रमण कर रहे लोगों के साथ है।गांववालों के मुताबिक ये लोग पहले अतिक्रमण वन भूमि पर कच्चे मकान का निर्माण करते हैं।फिर इसे अन्य ग्राहकों को बेच देते हैं। फर्जी कागजात जैसे हुकुमनामा, पर्चा या भूदान जैसे अन्य प्रकार से खरीदारों का अधिकार संबंधित कागजात किसी प्रकार बनवा देते हैं। अवैध तरीके से खरीदारी करने वाले लोग भी इस खेल में भू-माफियाओं का साथ देते हैं। ताकि उनसे कोई जमीन छीन नहीं सके।नाम नहीं छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि वन भूमि की जमीन पर अतिक्रमण कराना और फिर इसे बेच देने का यह खेल वर्षों से जारी है।जंगलों से पेड़ों की अवैध कटाई भी की जा रही है।10 टेंपू प्रतिदिन कच्ची लकड़ी बाजार में ले जाकर बेचे जा रहे हैं।एक ओर जहां सरकार की ओर से पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का नारा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से भू माफियों के द्वारा जंगल को निरंतर उजाड़ा जा रहा है। इधर सिपाही दीपक खलखो ने बताया की हमें जानकारी नहीं है।

## वरीय आईएएस अधिकारी छवि रंजन बने खेलकूद विभाग के निदेशक

**ज्योति पाठक**



**झारखंड** के वरीय आईएएस अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव छवि रंजन को खेलकूद विभाग का निदेशक बनाया गया है। श्री रंजन इससे पूर्व की महत्वपूर्ण विभागों के दायित्वों का भलीभांति निर्वहन किया है। इनकी बेहतर कार्य दक्षता और प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए इन्हें खेलकूद विभाग का दायित्व दिया गया है श्री रंजन भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के अधिकारी हैं। लोहरदगा के डीडीसी, कोडरमा, सरायकेला खरसावां, रांची जिला के उपायुक्त रह चुके हैं तथा कृषि विभाग के निदेशक के साथ साथ कई अन्य विभागों का दायित्व भी निर्वहन कर चुके हैं।